हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 34.3 डिग्री
न्यूनतम 19.3 डिग्री

12 सीएम आज बिलासपुर में धान के अंतर की राशि...


12 कार्यशाला में राष्ट्र से लेकर व्यक्तित्व निर्माण...


# रायपुर ग्रामीण और पश्चिम में सबसे ज्यादा एक-एक लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कटे, अभनपुर में कम

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची से सबसे अधिक वोटरों के नाम रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से हटे हैं। यहां 1 लाख 34 हजार 116 के नाम एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद हटाए गए हैं। इन वोटरों ने एसआईआर के दौरान मांगे गए प्रमाणिक दस्तावेज पेश नहीं किए हैं। हालांकि इस सूची में उन वोटरों के नाम भी शामिल हैं, जिनके द्वारा दस्तावेज पेश तो किए गए, लेकिन वे अधूरे हैं। इधर अभनपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची से 17 हजार 59 वोटरों को बाहर किया गया है, जो जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्रों से हटाए गए वोटरों की तुलना में सबसे कम हैं।

एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची के अनुसार रायपुर जिले में 5 लाख से अधिक वोटरों के नाम हटा दिए गए हैं। इन वोटरों में वे भी शामिल हैं, जिनके द्वारा एसआईआर के फॉर्म के साथ जमा किए गए प्रमाणिक दस्तावेजों में कमी पाई गई थी। ऐसे वोटरों को नोटिस जारी कर सुनवाई में प्रमाणिक दस्तावेजों के साथ शामिल होने का अंतिम मौका दिया गया था। इसके बाद भी ये वोटर सुनवाई में नहीं पहुंचे। इधर 5 लाख से अधिक जिन वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उनमें ऐसे वोटर भी हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है या फिर जिला या राज्य छोड़कर जा चुके हैं।

### 5 लाख 87 हजार को हुआ था नोटिस जारी

एसआईआर के प्रारंभिक प्रकाशन के दौरान रायपुर जिले में मतदाता सूची में वोटरों की कुल संख्या 1489251 थी। इस तरह एसआईआर के दौरान 5 लाख 87 हजार 744 वोटरों को नोटिस जारी हुआ था। इसके अलावा प्रारूप 6 के तहत 24962, प्रारूप 7 के तहत 31532, प्रारूप 8 के तहत 9132 आवेदन प्राप्त हुए थे। इन आवेदनों और जारी नोटिस की सुनवाई के बाद अंतिम मतदाता सूची में 14 लाख 92 हजार 217 वोटरों के नाम दर्ज हैं।

### एसआईआर का लेखा जोखा



### *मतदाता सूची में नाम शामिल करने फार्म-6 भरना होगा*

*जिन वोटरों के नाम एसआईआर के दौरान हटाए गए हैं। वे वोटरों फार्म-6 को भरकर तथा उसके साथ शपथ पत्र के साथ प्रमाणिक आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर जुड़ा सकता है। इस तरह वोटर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकता है। इसके अलावा कोई त्रुटि है या स्थानांतरण हुआ है तो फार्म-8 भरकर आवेदन करना होगा।*

### विधानसभावार कटे वोटरों की संख्या

| | |
|---|---|
| रायपुर ग्रामीण | 134116 |
| रायपुर पश्चिम | 115066 |
| रायपुर उत्तर | 74027 |
| रायपुर दक्षिण | 83834 |
| धरसींवा | 38328 |
| आरंग | 36120 |
| अभनपुर | 17059 |

# छग सीमा के करीब ओडिशा में गांजे से हशीश तेल बनाने की फैक्ट्री 200 करोड़ का मामला खुला, रायपुर पुलिस ढूंढ रही सप्लाई चेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण ओडिशा के कोरापुट के घने जंगल में दो सौ करोड़ रुपए के गांजा से हशीश तेल बनाने अस्थाई उत्पादन यूनिट्स का भंडाफोड़ होने के बाद रायपुर पुलिस अलर्ट हो गई है। इसका बड़ा कारण रायपुर के साथ जगदलपुर, गरियाबंद जिला इंटर स्टेट गांजा तस्करों का एक प्रमुख कॉरिडोर है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के गांजा तस्करों का ओडिशा के तस्करों के साथ सीधा संबंध है। रायपुर पुलिस ने ओडिशा पुलिस को रैकेट में छत्तीसगढ़ का किसी तरह से लिंक मिलने पर जानकारी देने कहा है।

- रायपुर पुलिस ओडिशा पुलिस के संपर्क में

ओडिशा पुलिस ने विशेष ऑपरेशन कर दो सौ करोड़ रुपए के 1800 लीटर से ज्यादा हशीश तेल तथा पांच करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत का 1143 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया था। ओडिशा पुलिस ने अपनी इस कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस रेड ▶▶|शेष पेज 13 पर

### ओडिशा से गांजा तस्करी का छत्तीसगढ़ बड़ा कॉरिडोर



### लोकल नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही

राजधानी सहित पड़ोसी जिलों में विगत कुछ वर्षों में सूखा नशा में गांजा के साथ अन्य तरह के सिंथेटिक नशा का प्रचलन बढ़ा है। पुलिस को आशंका है कि ओडिशा के गिरोह के साथ स्थानीय स्तर पर किसी ड्रग पैडलर का संपर्क हो सकता है। इसीलिए रायपुर पुलिस हशीश तेल जब्ती के मामले में लगातार संपर्क में है।

### *जानकारी जुटाई जा रही*

*ओडिशा पुलिस ने हशीश तेल को लेकर जो कार्रवाई की है, उस संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है कि महासमुंद, गरियाबंद सहित रायपुर के तस्करों का किसी तरह से संपर्क तो नहीं है।*

*- अमरेश मिश्रा, रेंज आईजी*

### *लोकल लिंक मिलने पर कार्रवाई*

*ओडिशा पुलिस ने जो कार्रवाई की है, उसमें हम पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि तस्करों का लिंक रायपुर के गांजा सहित अन्य तरह के मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के साथ तो नहीं है। लोकल लिंक मिलने के बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।*

*- डॉ. संजीव शुक्ला, पुलिस कमिश्नर रायपुर*

### धरपकड़ से तौर तरीका बदल रहे

गांजा तस्करी को लेकर ओडिशा से लेकर छत्तीसगढ़ पुलिस की कार्रवाई पहले की तुलना में ज्यादा तेज हो गई है। इसके साथ केंद्रीय एजेंसी भी अलग से कार्रवाई कर रही है। इसके चलते तस्कर तस्करी करने का तरीका बदलकर मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। पत्ता के रूप में होने से गांजा लोगों की नजर में आसानी से आ जाता है। इसके अलावा गांजा की पैकिंग करने में अलग से समय लगता है। गांजा दिखे नहीं इसलिए गांजा को दबाकर पैक किया जाता है। गांजा का तेल निकालने पर तेल को आसानी से तस्करी कर शीशी में भरकर एक जगह से दूसरी जगह तस्करी कर लाया ले जा सकता है।

### राज्य में हर साल खप रहा सौ करोड़ का गांजा

ओडिशा से छत्तीसगढ़ में गांजा तस्करी का बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार हो रहा है। शासन द्वारा जारी आंकड़े के मुताबिक राज्य के अलग-अलग जिलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वर्ष 2025 में 16 हजार 999.7 किलो गांजा जिसकी अनुमानित कीमत 34 करोड़ रुपए है, जब्त किया है। पुलिस ने जो कार्रवाई की है, वह आंकड़े राज्य शासन ने जारी किए हैं। इसके अलावा केंद्रीय एजेंसी ने गांजा तस्करी करने के मामले दर्ज किए हैं। कार्रवाई के विपरीत जो तस्कर गांजा लाकर खपा देते हैं, वह अलग है। अनुमान के मुताबिक ओडिशा से राज्य में हर साल सौ करोड़ रुपए से ज्यादा का गांजा तस्करी कर खपाया जा रहा है।

# अंकसूची सुधार पांच गुना महंगा, अब देने होंगे 5 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के दसवीं व बारहवीं के छात्रों को अब अपने सर्टिफिकेट में नाम, माता-पिता का नाम व जन्मतिथि में संशोधन कराना महंगा पड़ेगा। सीबीएसई ने वर्ष 2026 से संशोधन शुल्क में बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के तहत अब छात्रों को सुधार के लिए पांच हजार रुपए शुल्क देना होगा। इसके लिए सीबीएसई की गवर्निंग बॉडी ने एग्जामिनेशन कमेटी की सिफारिशों को मंजूरी दी है। अब तक छात्रों को सुधार शुल्क के रूप में 1 हजार रुपए का भुगतान करना होता था। सीबीएसई के अनुसार, हल साल स्कूलों को दसवीं व ▶▶|शेष पेज 13 पर

- दसवीं-बारहवीं दोनों कक्षाओं के लिए वर्ष 2026 से लागू होगी नई फीस

### इसलिए फैसला

बोर्ड के अनुसार, यह देखा गया है कि डेमोग्राफिक ब्योरे में सुधार के लिए आग्रह पूरा नहीं होता, उसमें दस्तावेज पूरे नहीं होते या स्पष्ट नहीं होते, छात्र कोर्ट का दरवाजा खटखटा कर कानूनी नोटिस के माध्यम से भी आग्रह करते हैं। सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालयों को बीते दो साल में लगभग प्रत्येक रीजन से 500 से अधिक सुधार आग्रह प्राप्त हुए हैं। बोर्ड के अनुसार सुधार फीस हजार रुपए होने के बाद बड़ी संख्या में अपने ब्यौरे में सुधार के लिए आवेदन करते रहते हैं। ऐसे में बोर्ड ने सुधार फीस में बढ़ोतरी की है। बोर्ड की प्रबंध समिति ने एग्जामिनेशन कमेटी की सिफारिशों को मंजूरी दे दी। अब 2026 से पास होने वाले छात्रों के लिए सुधार शुल्क 5,000 रुपए होगा और हर अतिरिक्त वर्ष की देरी पर 1,000 रुपए अतिरिक्त देने होंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि 2025 तक पास छात्रों पर पुरानी एक हजार रुपए की फीस ही लागू रहेगी।



## खबर संक्षेप

### बलौदीखुर्द में आज से मानसगान समारोह

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम बलौदीखुर्द में 28 फरवरी व 1 मार्च को दो दिवसीय वार्षिक रामायण मानस गान समारोह का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम 28 फरवरी को शाम 2 बजे दीप प्रज्वलित के साथ शुभारम्भ होगा। समापन 1 मार्च को शाम 4 बजे होगा। सभी मानस मण्डली को दान दाताओ के सहयोग से 601 रु की सहयोग राशि दी जायेगी। यह मानस गान समारोह का 8 वां वर्ष है। कार्यक्रम में रायपुर जिला पंचायत सभापति शैल महेंद्र साहू, दाऊ विकास यादव, क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, स्थानीय सरपंच यशोदा गुनूराम साहू, उप सरपंच कमलेश साहू, शिक्षक रामखिलावन निषाद, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पोषण निषाद, पंच रामकरण निषाद, पंच गीता निषाद आदि होंगे।

### बच्चा चोर की अफवाहों पर पुलिस ने किया सावधान

**आरंग।** क्षेत्र में इन दिनों बच्चा चोर से जुड़ी अफवाहें फैलने की सूचनाएं मिल रही हैं। इन अफवाहों को पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताते हुए आरंग पुलिस थाना ने नागरिकों के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में बच्चा चोरी की कोई पुष्टि घटना सामने नहीं आई है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा दहशत फैलाने के उद्देश्य से झूठी बातें प्रसारित की जा रही हैं। ऐसे में आमजन से अपील की गई है कि वे किसी भी तरह की अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करें।पुलिस ने कहा है कि यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैलाते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ तत्काल शिकायत दर्ज कराई जाए। साथ ही अभिभावकों को सलाह दी गई है कि वे अपने बच्चों को सतर्क रहने और अनजान लोगों से दूरी बनाए रखने के लिए समझाइश दें। अफवाहों से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या संदेह की स्थिति में सीधे पुलिस से संपर्क करने को कहा गया है। पुलिस ने यह भी चेतावनी दी है कि अफवाह के आधार पर किसी भी व्यक्ति के साथ मारपीट करना कानूनन अपराध है और ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कर्मचारियो ने केशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए माना आभार

**आरंग।** छत्तीसगढ़ के समस्त कर्मचारियों को केशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किए जाने पर संघ द्वारा मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, उपमुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव एवं स्थानीय मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। साथ ही केशलेस चिकित्सा से संबंधित छतिपूर्ति (रिइम्बर्समेंट) के वर्षों से लंबित प्रकरणों को अतिशीघ्र पूर्ण करने की मांग की गई है। संघ ने बताया कि किसी दुर्घटना या गंभीर बीमारी की स्थिति में उपचार प्रक्रिया जटिल होने के कारण कर्मचारियों के परिजनों को इलाज के लिए जेवर, जमीन गिरवी रखना या कर्ज लेना पड़ता है। इस दौरान कर्मचारी (मरीज) को वेतन भी प्राप्त नहीं होता, जिससे परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है। इलाज के बाद छतिपूर्ति राशि प्राप्त करने में भी विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं से बचाव हेतु केशलेस चिकित्सा सुविधा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सरकार का आभार जताया गया।

# चरोदा-मोहदी सड़क पर फिर हादसा हुआ, घर का इकलौता चिराग मौत से जूझ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

उद्योगों के निरंतर चल रहे भारी वाहनों से जर्जर हुई चरोदा मोहदी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क ग्रामीणों के लिए जानलेवा बन गई है कई बार आंदोलन के बाद भी सड़क नहीं सुधरी ओर इसी सड़क पर फिसलकर अब एक युवक अस्पताल में जिंदगी ओर मौत से जूझ रहा है जो अपने परिवार का इकलौता सहारा है।

जानकारी मुताबिक सांकरा निवासी सूर्या टंडन किसी काम से मोहदी नगरगांव की तरफ गया था रात्रि में जब वह वहां से सांकरा वापस आ रहा था तभी जर्जर प्रधानमंत्री सड़क पर टाडा की ओर टर्न होने वाले तिराहे पर ओवर लोड वाहनों से सड़क पर फैली धूल डस्ट में फिसल गया ओर गंभीर रूप से घायल हो गया जहां वह जर्जर मार्ग पर दुर्घटना का शिकार हुआ वहा अंधेरा भी था उसे बेहोशी की हालत में रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित नारायण अस्पताल में भर्ती किया गया जहां वह जिंदगी ओर मौत से जूझ रहा है। जर्जर पीएम सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त होकर जिंदगी ओर मौत से जूझ रहे सूर्या टंडन के पिता का कुछ साल पहले निधन हो चुका है उनके निधन के बाद से मां छोटी बहिन ओर एक विकलांग मंदबुद्धि भाई का वही एक सहारा है जो अब अस्पताल में बेंटिलेटर पर है।

**जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए कई बार हुए आंदोलन पर नहीं सुधरी पीएम सड़क**

#### मां कर्ज लेकर करा रही बेटे का इलाज

सूर्या टंडन की मां अपने इकलौते सहारा अपने बेटे की जान बचाने कर्ज लेकर नारायणा अस्पताल में उसका इलाज करा रही है लेकिन जिन उद्योगों के कारण सड़क जर्जर होने से आज इस युवक की जान पर बन आई उसका इलाज भी वह उधोग या सरकार नहीं करा पा रही।



#### जर्जर सड़क पर डस्ट के कारण होते हैं हादसे

चरोदा मोहदी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क बारह टन क्षमता की सड़क है जो ग्रामीणों के उपयोग के लिए बनाई गई थी लेकिन इस मार्ग पर टाडा मोहदी के आसपास तक करीब दर्जनभर औद्योगिक इकाइयों स्थापित है जिनके चालीस चालीस टन क्षमता के मालवाहक निरंतर इस पीएम सड़क पर दौड़ते हैं परिणाम स्वरूप ये सड़क जर्जर होकर ग्रामीणों के लिए सुविधाजनक की जगह जानलेवा बन गई है स्कूली छात्र छात्राएं ग्रामीण किसान सभी इस सड़क पर औद्योगिक वाहनों से हला कान हैं। जर्जर सड़क ओवर लोड से गिरता डस्ट आंखों में चुभता है जिससे अक्सर साइकिल ओर बाइक सवार दुर्घटना का शिकार होते है पीएम सड़क के पुनर्निर्माण ओर रात्रि में प्रकाश व्यवस्था की मांग को लेकर कई बार ग्रामीण आंदोलन कर चुके है बाबजूद इसके इस पीएम सड़क पर न तो औद्योगिक इकाइयों के भारी वाहन चलना बंद हुआ न ही इसका पुनर्निर्माण हुआ जिसके कारण आज एक युवक जिंदगी ओर मौत से जूझ रहा है

## अवैध परिवहन रोकने कलेक्टर के निर्देश पर हुई बड़ी कार्रवाई

# रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त आठ हाईवा को खनिज विभाग ने किया जब्त


हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा में रायपुर खनिज खनिज विभाग ने अवैध रेत का अवैध परिवहन करते हुए 8 हाईवा जप्त किए है । 1सभी ज़ब्त वाहनों को तिल्दा थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। कलेक्टर रायपुर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसी कार्रवाई निरंतर की जाए, ताकि अवैध खनन और परिवहन पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके। इस कार्रवाई के बाद भी अवैध रेटत परिवहन का काम तेजी से चल रहा है। चर्चा है कि जब भी विधानसभा का सत्र शुरू होता है माइनिंग विभाग के द्वारा इस तरह की कार्रवाई की जाती है।

■ अंचल में रोज सैकड़ों वाहनों से अवैध परिवहन का खेल जारी

तिल्दा नेवरा क्षेत्र में कोई रेत खदान नहीं है। बावजूद प्रतिदिन 200 से भी अधिक वाहन बिना रायल्टी पर्ची परिवहन परिपत्र के रेत भरकर बेखौफ निकलते हैं। शाम होने के बाद तो रेत भरी वाहनों का रेला निकलता है। रेत आरंग और बलौदा बाजार क्षेत्र से हाईवा और अन्य वाहन भरकर बेमेतरा जिला ले जाते हैं। रेत के साथ-साथ कई लोग मुरम का अवैध उत्खनन कर वाहनों से सप्लाई करते हैं। ऐसा नहीं अवैध रूप से किए जा रहे मुरम उत्खनन की जानकारी माइनिग विभाग को नहीं है। विभाग के अधिकारियों को सारी जानकारी होती है कि कहा अवैध उत्खनन हो रहा !कौन उत्खनन करवा रहा है ।किस गांव-में किस जगह उत्खनन किया जा रहा है। यह सब माइनिग अधिकारियो की मिली भगत से होता है । इसके एवज में अधिकारियों को एक फिक्स बंधी रकम पहुंचा दी जाती है।





अभी भी तिल्दा के कोहका घुलघुल ग्राम पंचायत और देवरी ग्राम पंचायत, के साथ जंजगीरा ग्राम पंचायत,सिनोधा सहित क्षेत्र एक दर्जन से अधिकगावो में मुरूम का अवैध उत्खनन बेधड़क किया जा रहा है। धरती की छाती को पोकलेन से चीरकर बड़े-बड़े गड्ढे बना दिए गए हैं।

2 दिन पहले जब तिल्दा से जब अवैध रूप से रेत भरकर गुजर रही हाईवा वाहनों को रोककर माइनिग विभाग द्वारा करवाई शुरू की गई तो इसकी जानकारी लोकल स्तर पर अवैध रूप से रेत माफिया को पहले से ही कर दी गई थी। चुकि कार्रवाई शुरू होते हि रेत गिट्टी मुरुम से भारी गाड़ियो का आना जाना अचानक बंद हो गया।कार्रवाई के बंद होते हीफिर से रेत से भरे वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई ।

#### रोज सैकड़ों ट्रक में होता है परिवहन

पिछले दो दिनों से अवैध रूप परिवहन के जुर्म में जप्त कर थाने में खड़ी वाहन चालकों ने बताया कि अभी भी प्रतिदिन 150 से अधिक हाईवा रेत का परिवहन किया जा रहा है। इस संबंध में जब माइनिंग विभाग के एक अधिकारी से पूछा गया कि जप्त की गई गाड़ियों पर क्या कार्रवाई की गई है, तो उन्होंनेकहा कि मैं बताने के लिए अधिकृत नहीं हूं। उनसे जब पूछा गया कि इस इलाके में हो रहे अवैध मुरूम उत्खनन करने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। तो वही रटा रटाया जवाब दिया कि इस बारे में मेरे अधिकारी ही बता सकते हैं। फिलहाल जप्त किए गए रेत से भारी वाहन थाना परिसर में खड़े कर दिए गए हैं।कई गिरोह क्षेत्र में हैं सक्रिय तिल्दा क्षेत्र में अवैध उत्खनन करने वाले कई गिरोह सक्रिय है। गिरोह से जुड़े लोग माइनिंग विभाग के अधिकारियों से मिलकर करोडो रुपए की प्रति माह रॉयल्टी चोरी करते हैं। शिकायत करने पर अधिकारी पहले ही किस धंधे से जुड़े लोगों को सूचना दे देते हैं। यही कारण है कि लोग चाह कर भी इसकी जानकारी अधिकारियों को नहीं देते हैं। आरंग और बलौदा बाजार क्षेत्रके साथ अन्य घाटों से अवैध रेत भरकर गुजरने वाली वहां 6 से भी अधिक थानों को पर करते हुए निकलते हैं।

## नेत्रदाता अर्जुन के परिजनों को विभाग ने सौंपा प्रमाण पत्र

**आरंग।** गत दिवस ग्राम भिलाई निवासी 80 वर्षीय स्वर्गीय अर्जुन लाल साहू के परिजनों द्वारा किया गया नेत्रदान क्षेत्र व जिले में सराहना का विषय बना हुआ है। इस पुनीत कार्य के लिए एक सप्ताह पूर्व रायपुर में आयोजित मासिक बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने नेत्र सहायक अधिकारियों की टीम को बधाई दी थी। शुक्रवार को आरंग बीएमओ डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत, नेत्र सहायक अधिकारी अन्नपूर्णा वर्मा, सालिक नवरंगे, बीईई महेश चंद्राकर, एमएलटी अरविंद चंद्राकर एवं वाहन चालक नीरेंद्र साहू ग्राम भिलाई पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय अर्जुन लाल साहू के परिजनों को नेत्रदान प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया।



इस अवसर पर बीएमओ डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत ने परिजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस नेत्रदान से दो लोगों को नई रोशनी मिली है। स्वर्गीय अर्जुन साहू ने मृत्यु के उपरांत नेत्रदान कर समाज को प्रेरणादायक संदेश दिया है।


## लोकगायक बांधे को मिला देशमुख संगीत अवार्ड

**अभनपुर।** समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा कुशालपुर, रायपुर में राज्य अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ जिसमे मुंडरा निवासी शिक्षक एवं लोक गायक लक्षवीर बांधे को डॉ. दाऊ राम चंद्र देशमुख लोक कला एवं संगीत रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में साहित्य, संस्कृति, लोक कला, संगीत, शिक्षा व समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 82 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश ठाकुर ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. डी.एस. तांडेकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेशभर के साहित्यकार, लोक कलाकार, फिल्म कलाकार, शिक्षाविद एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री के साथ कार्यकर्ताओं ने देखी संघ पर केंद्रित फिल्म शतक

**आरंग।** 26 फरवरी 2026 को भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ. नवीन मार्कंडेय के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कैबिनेट मंत्री गुरु ख़ुशवंत साहेब एवम अन्य मंत्रीगण व वरिष्ठ नेताओं के साथ, आरंग के भाजपा कार्यकर्ताओ ने राजधानी रायपुर स्थित जोरा मॉल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली 100 वर्षों की यात्रा पर आधारित फिल्म 'शतक' देखी। मुख्यमंत्री साय ने फिल्म के प्रदर्शन के बाद कहा कि 'शतक' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, जनसेवा और समर्पण की सतत साधना का सजीव चित्रण है। उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरक गाथा जन-जन तक पहुँचे और नई पीढ़ी को राष्ट्र सेवा की भावना से प्रेरणा मिले, इस उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में इस फिल्म को टैक्स-फ्री करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री साय ने यह भी कहा कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के तप, त्याग और दूरदर्शी विचारों से प्रारंभ हुई इस यात्रा को पूजनीय माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर जी ने नई दिशा और संगठनात्मक शक्ति प्रदान की। एक शताब्दी का यह इतिहास लाखों स्वयंसेवकों के अनुशासन, समर्पण और 'राष्ट्र प्रथम' की भावना का जीवंत प्रमाण है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शिक्षा, सेवा और सामाजिक समरसता के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने का कार्य किया है। आपदा, संकट और सामाजिक आवश्यकताओं के समय संघ कार्यकर्ताओं की सेवा भावना ने समाज को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जनसेवा और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की यही प्रेरणा शासन के कार्यों में भी मार्गदर्शक बनती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि फिल्म 'शतक' युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करेगी। फ़िल्म देखने के दौरान आरंग भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं में प्रमुख रूप से सुशील जलक्षत्री, सूरज शर्मा, पंकज शुक्ला, गोविंद साहू, सत्यार्थ साहू, विक्की साहू, तुलाराम साहू, लुकेश साहू, खूबचंद साहू, सतीश मानु जलक्षत्री, रितेश साहू, महेंद्र सिंह ठाकुर, प्रदीप चंद्राकर, देव जलक्षत्री सहित प्रदेश के भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधी शामिल रहे।



## कर्मचारी संघ ने 10 मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**अभनपुर।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ नई दिल्ली के आह्वान पर राष्ट्रीय मांग दिवस के तहत छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील/ब्लॉक इकाई अभनपुर द्वारा प्रधानमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अभनपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने, एनपीएस/यूपीएस व्यवस्था समाप्त कर ईपीएस-95 पेंशन प्रणाली लागू करने, आठवें वेतन आयोग के गठन तथा शिक्षकों से संबंधित टीईटी परीक्षा विषयक मांग सहित कुल दस बिंदुओं को शामिल किया गया।

कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अनुविभागीय अधिकारी के प्रतिनिधि श्रीमती धनेश्वरी साहू को मांग पत्र सौंपते हुए मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर तहसील संघ संरक्षक पवन गुरुपंच, अभनपुर तहसील अध्यक्ष बुद्धेश्वर वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष गोपेश साहू, एम.एल. चंदन, बुलाकी राम एनेश्वरी, हरि राम साहू, यू.आर. साहू, जितेंद्र सिन्हा, दीपेंद्र सिन्हा, रंजीत भारती,युगल किशोर साहू,भूपेंद्र सिन्हा, गजेन्द्र दहरजी, सुनील चंद्रवंशी, श्रीमती हेमलता दीवान, पिंकी कंवर,थानसिंग ध्रुव सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चंदखुरी में मशरूम उत्पादन पर दिया गया प्रशिक्षण

**आरंग।** बुधवार को चंदखुरी में इफको के तत्वावधान में चंदखुरी परिसर में मशरूम उत्पादन की तकनीक पर आधारित महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रत्ना वर्मा ने महिलाओं को नई तकनीक से मशरूम उत्पादन, कम खर्च में अधिक मुनाफा प्राप्त करने की विधि का लाइव डेमो दिखाते हुए जानकारी दी। वहीं इफको के उप महाप्रबंधक राजेश कुमार गोले ने अपने संबोधन में नैनो तकनीक आधारित नैनो यूरिया, नैनो डीएपी तथा जिंक के उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। एसएफए देवीदयाल यादव ने नैनो डीएपी से बीज एवं जड़ उपचार, बीजोपचार तथा रोपा उपचार की विधि का लाइव डेमो प्रस्तुत किया। साथ ही बायो-डी कंपोज़र बनाने की विधि, उसके प्रयोग एवं लाभ के बारे में भी बताया। ड्रोन दीदी चंद्रकली वर्मा ने ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया सहित अन्य नैनो उत्पादों के उपयोग की जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 42 ग्राम पंचायतों से कृषि सखी एवं पशु सखी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में आकाशवाणी से नेमीचंद साहू, दीपक यादव, अनुसुइया धीवर तथा बिहान से बीपीएम रामरतन, प्रशिक्षक रत्ना वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।




# बीईओ ने अपने जन्मदिन पर कराया न्योता भोज

**अभनपुर।** प्रधानमंत्री शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत बच्चों में पोषण स्तर को बेहतर बनाने एवं संतुलित आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देशन में संचालित प्रोजेक्ट आओ खुशियां बांटे के तहत विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनेश्वरी साहू ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए न्योता भोज दिया साथ ही परीक्षा की तैयारी को ध्यान में रखते हुए छात्र-छात्राओं को पेन, पेंसिल, रबर, इरेजऱ, पेंसिल पाउच सहित अन्य स्टेशनरी सामग्री वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिवारे, उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, एबीईओ राकेश साहू एवं भावना नरेटी, संकुल स्रोत समन्वयक राकेश साहू, प्राचार्य श्रीमती जानकी साहू सहित शिक्षकगण की सक्रिय सहभागिता रही।



### नाबार्ड के उप प्रबंध निदेशक ने ग्रामीणों को सिखाए बैंकिंग और सुरक्षा के गुर

# वित्तीय साक्षरता एवं ऋण वितरण शिविर में बैंकिंग और सुरक्षा की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से धरसींवा के मंगल भवन में एक विशाल 'वित्तीय साक्षरता एवं ऋण वितरण शिविर' का भव्य आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक द्वारा नाबार्ड के विशेष सहयोग से आयोजित इस मेगा शिविर में क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों, प्रगतिशील किसानों और महिला स्व-सहायता समूहों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें नाबार्ड मुंबई के उप प्रबंध निदेशक डॉ. अजय कुमार सूद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डॉ. अजय कुमार सूद ने वित्तीय साक्षरता को अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि एक जागरूक ग्रामीण ही एक सशक्त राष्ट्र का आधार होता है। डॉ. सूद ने बैंकिंग सेवाओं के सही उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि आज के दौर में केवल बैंक खाता होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि बैंकिंग उत्पादों और बीमा योजनाओं की सही जानकारी होना आवश्यक है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में नाबार्ड रायपुर के सीजीएम श्री डी. के. गवली और महाप्रबंधक श्री शीतांशु शेखर ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने नाबार्ड द्वारा ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के महाप्रबंधक श्री विजय वसंत रायकवाड़ और क्षेत्रीय प्रबंधक श्री कमलेश कुंदन ने बैंक की प्रतिबद्धता दोहराते हुए बताया कि ग्रामीण बैंक हर कदम पर ग्रामीणों के साथ खड़ा है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक श्री पी. जी. बेदी, श्री चेतत कुमार पटेल, धरसींवा शाखा प्रबंधक श्री नवीन शर्मा, तरपोगीं शाखा प्रबंधक श्रीमती कल्पना अहिरवार, दोन्देकला शाखा प्रबंधक श्रीमती प्रीति ध्रुव और एफआई मैनेजर श्री तुषार वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के दौरान न केवल बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी गई, बल्कि मौके पर ही पात्र हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र और चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नुक्कड़ नाटक और वित्तीय साक्षरता मोबाइल वैन का सहारा लिया गया, जिसके माध्यम से बेहद सरल भाषा में बचत की आदत, किसान क्रेडिट कार्ड (KCC), और स्वयं सहायता समूहों के वित्तपोषण के फायदों को समझाया गया।

■ मौके पर ही बांटे गए चेक, साहूकारी चंगुल से मुक्त होंगे प्रगतिशील किसान




#### इनकी रही उपस्थिति

कमलेश कुंदन, क्षेत्रीय प्रबंधक, श्री पी. जी बेदी, वरिष्ठ प्रबंधक, चेतत कुमार पटेल वरिष्ठ प्रबंधक, श्री नवीन शर्मा शाखा प्रबंधक धरसींवा श्रीमती कल्पना अहिरवार शाखा प्रबंधक तरपोगीं, श्रीमती प्रीति ध्रुव, शाखा प्रबंधक दोन्देकला, तुषार वर्मा एफ आई मैनेजर सहित भारी संख्या में किसान व महिलाएं उपस्तिथ थे।

## पेज 11 के शेष

### छग सीमा के करीब ओडिशा ...

के बाद अन्य आरोपी फरार हैं। हशीश तेल बनाने की फैक्ट्री ओडिशा-आंध्रप्रदेश सीमांत पर स्थित पडुआ थाना अंतर्गत झोलापुट के पास घने जंगल में संचालित हो रही थी। बताया जा रहा है, जहां हशीश तेल बनाने की फैक्ट्री संचालित हो रही थी, वह आंध्रप्रदेश सीमा के साथ छत्तीसगढ़ सरहद के काफी करीब है।

### अंकसूची सुधार पांच गुना महंगा...

बारहवीं की लिस्ट ऑफ कैंडिडेट तैयार करते समय अत्यंत सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है, जिससे कि कोई गलती सामने नहीं आए और छात्रों को अंक तालिका-सर्टिफिकेट सही ब्योरे के साथ जारी की जा सके। सीबीएसई इसके लिए दस से पन्द्रह रीमाइंडर तक जारी करता है। इसके बाद भी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों को डेमोग्राफिक ब्योरे (छात्र का नाम, माता-पिता का नाम) व जन्मतिथि में बदलाव के लिए आग्रह प्राप्त हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### इंजीनियर दिवंगत महेश्वर अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि

रायपुर। इंजीनियर पब्लिक वेलफेयर एसोसिएशन ने सेवानिवृत्ति कार्यपालन अभियंता सीएसआईडीसी स्व. इंजीनियर महेश्वर कुमार अग्रवाल को सिंचाई विभाग के डाटा सेंटर में शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके द्वारा किए गए कुछ महत्वपूर्ण कामों को याद किया गया। श्रद्धांजलि सभा में अध्यक्ष पीएन सिंह, सचिव पीके खरे, संस्था के सदस्य इंजीनियर अनिल तिवारी के अलावा संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## निधन

### उषा ताम्रकार

रायपुर। सेक्टर-7 भिलाई-दुर्ग निवासी



उषा ताम्रकार का 27 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 फरवरी सुबह 11 बजे हरनाबांधा दुर्ग में किया जाएगा। वे त्रिलोक चंद ताम्रकार की पत्नी, विमल ताम्रकार (गुरुजी) की भाभी एवं बलराज ताम्रकार (भूपेश) की माता थीं।

### इच्छु देवी देशलहरा

रायपुर। सुधर्म विहार भैरव सोसाइटी



निवासी सुश्राविका इच्छु देवी देशलहरा का 26 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 फरवरी को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे भूपेंद्र, नरेंद्र, प्रवीण की माताजी एवं चिराग, भव्य व ईशान के दादी थीं।

### मो. हाशिम

रायपुर। संजय नगर निवासी मो.



हाशिम (70) का 26 फरवरी को निधन हो गया। उन्हें 27 फरवरी को बैरन बाजार कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। वे मो. सदरे आलम, मो. शमशेर आलम, मो. शमशीर आलम के पिता थे।

# यात्री नहीं... अब सुविधाएं भी हो रही हैं खराब : सीबीडी स्टेशन में मेंटेनेंस के अभाव में बदहाली

## एनआरडीए और रेलवे के बीच अब तक रखरखाव को लेकर नहीं हुआ समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेन परिचालन से रायपुर से नया रायपुर के बीच की दूरी तो कम हो गई है, लेकिन मेमू ट्रेन को अब भी रेलवे की कमाई के लिए पर्याप्त यात्री नहीं मिल रहे हैं। यह लोकल ट्रेन नया रायपुर स्थित मंत्रालय जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती थी, लेकिन लोगों ने इसमें फिलहाल कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। दूसरी ओर नया रायपुर के सीबीडी स्टेशन में यात्रियों की कमी के कारण अब जिम्मेदार अधिकारी जनसुविधाओं के रखरखाव पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। आलम यह है कि शौचालय गंदगी से भरे और बदहाल हो चुके हैं। स्टेशन के कमरों में मकड़ी के जाले लगे हैं और पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। हरिभूमि की टीम ने शुक्रवार को जब स्टेशन का जायजा लिया, तो वहां चारों ओर अव्यवस्था नजर आई। वर्तमान में स्टेशन के संचालन और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी स्पष्ट नहीं है, क्योंकि एनआरडीए और रेलवे के बीच अब तक रखरखाव को लेकर कोई समझौता नहीं हुआ है। यही कारण है कि करोड़ों की लागत से बना यह आधुनिक स्टेशन अब उपेक्षा का शिकार होकर बदहाल हो रहा है।

***सुविधाएं हो रहीं ध्वस्त :*** मेंटेनेंस न होने से स्टेशन की सुविधाएं लगातार खराब हो रही हैं। शौचालयों में लंबे समय से सफाई नहीं हुई है। वॉशबेसिन के नीचे से पाइप गायब हैं और नलों में पानी नहीं आ रहा था। पानी के अभाव में स्टेशन पर गंदगी का अंबार लगा है। इसके अलावा, आरओ सिस्टम भी बंद पड़ा है। स्टेशन के प्रवेश द्वार पर धूल और कचरा जमा है, जिससे मेट्रो की तर्ज पर बने इस आधुनिक स्टेशन की सुंदरता खराब हो रही है।

### जालों की गिरफ्त में स्टेशन

नियमित सफाई के अभाव में पूरा स्टेशन अब मकड़ी के जालों की गिरफ्त में है। कमरों से लेकर दीवारों तक जाले बिछे हुए हैं। लंबे समय से सफाई न होने के कारण अब पक्षियों ने भी वहां अपना बसेरा बना लिया है।





### गार्ड के भरोसे स्टेशन, 6 महीने से वेतन का इंतजार

हैरानी की बात यह है कि सीबीडी स्टेशन वर्तमान में केवल गार्ड के भरोसे चल रहा है। गार्ड ने बताया कि उसे टिकट काटने के साथ-साथ ट्रेन की आवाजाही पर सीटी बजाने और स्टेशन की देखरेख की जिम्मेदारी दी गई है। रेलवे ने बाकायदा उसे एक कार्ड भी जारी किया है ताकि काम के दौरान कोई आपत्ति न करे। गार्ड के अनुसार, दिन भर में मुश्किल से एक या दो यात्री ही आते हैं, और कई बार तो ट्रेन खाली ही जाती है। गार्ड ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि वह 6 महीने से काम कर रहा है, लेकिन उसे अभी तक वेतन नहीं मिला है।

## लाखेनगर में चाकू लहराने का वीडियो वायरल, बदमाश गिरफ्तार

# बदमाशों की धमाचौकड़ी थमने का नाम नहीं ले रही, सार्वजनिक जगहों पर लहरा भी रहे चाकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- देवेंद्र नगर में चाकूबाजी की घटना में युवक घायल, एमएलए रेस्ट हाउस के सामने मारपीट का वीडियो वायरल

एक महीने के भीतर पुलिस ने गुंडे बदमाशों के खिलाफ पौने छह सौ प्रकरण दर्ज कर पौने सात सौ बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। बावजूद इसके बदमाश सुधरने का नाम नहीं ले रहे। हिस्ट्रीशीटर तथा आदतन बदमाश पुलिस को चुनौती दे रहे। ऐसे ही पिछले तीन दिनों में तीन से चार आपराधिक घटनाएं हुई हैं। इनमें मारपीट करने के साथ चाकूबाजी, जानलेवा हमला करने के साथ सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराकर लोगों को आतंकित करने का मामला सामने आया है। कुछ मामलों का तो सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है।

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के लाखेनगर चौक के पास हिस्ट्रीशीटर सुनील नायक लोगों की आवाजाही के बीच खुलेआम किसी को चाकू लहराते हुए धमका रहा है। इस दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने बदमाश की पहचान कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है।





### कैटरिंग में काम करने वाले आपस में भिड़ गए

तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित एमएलए रेस्ट हाउस के पीछे कैटरिंग में काम करने वाले आधा दर्जन लड़के किसी बात को लेकर आपस में उलझ गए। लड़कों ने आपस में विवाद करते हुए एक दूसरे पर जमकर लात, घूंसे चलाते हुए लाठी से हमला किया। इस दौरान किसी ने कैटरिंग में काम करने वाले लड़कों का वीडिया बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। लड़कों की पहचान कर पुलिस ने सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है।

### आपसी विवाद पर सिर पर तवे से जानलेवा हमला

उरला थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आवेश में आकर एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के सिर पर लोहे के तवे से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना सरोरा स्थित महामाया नगर की है। पंकज त्रिपाठी का अपने पड़ोसी विपुल राय के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। विवाद के बीच पंकज ने तैश में आकर अपने हाथ में रखे लोहे के तवा से विपुल के सिर पर वार कर दिया। पुलिस ने पंकज के खिलाफ हत्या की कोशिश करने का अपराध दर्ज किया है।

### आपसी रंजिश पर चाकू से हमला

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह 11 बजे आपसी रंजिश पर एक युवक पर दो युवकों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घटना पारस नगर शिव मंदिर के पास की है। तनुष सेन अपनी दोपहिया में बैठा था। शुभम निषाद तथा रोहित वर्मा शुभम के पास पहुंचे और किसी बात को लेकर विवाद करने लगे। इस बीच एक बदमाश ने तनुष के हाथ को पीछे से पकड़ लिया। दूसरा बदमाश उस पर चाकू से हमला करने लगा। चाकूबाजी से तनुष की पीठ, पेट तथा सिर पर जख्म आए हैं। पुलिस अपराध दर्ज कर बदमाशों की पतासाजी कर रही है।

# पांच माह बाद भी भक्त माता कर्मा की खंडित प्रतिमा की मरम्मत नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नगर निगम की सामान्य सभा में उठ चुका है मुद्दा

राजधानी रायपुर के तेलघानी नाका स्थित भक्त माता कर्मा की खंडित हो चुकी प्रतिमा को करीब पांच महीने के बाद नवीन स्वरूप नहीं दिया जा सकता है, जबकि यह मामला नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक में भी उठ चुका है।

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने बताया कि भक्त माता कर्मा चौक शहर के प्रमुख चौक में से एक है। यहां भक्त माता कर्मा की प्रतिमा स्थापित की गई है, जो देखरेख के अभाव में पिछले पांच माह से खंडित अवस्था में है। इस खंडित प्रतिमा को लेकर उन्होंने अक्टूबर 2025 में नगर निगम की सामान्य सभा में मुद्दा भी उठाया था। उन्होंने प्रतिमा को नवीन स्वरूप देने सहित चौक के सौंदर्यीकरण की मांग की थी, लेकिन अब तक न ही प्रतिमा को नवीन स्वरूप दिया है, और न ही चौक का सौंदर्यीकरण हो पाया है। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार में हम सब की आस्था की प्रमुख धरोहर भक्त माता कर्मा साहू समाज के साथ पूरे प्रदेश की आस्था का केंद्र है। इसके बाद भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### 5 सड़कों के लिए 109 करोड़ की निविदा को मंजूरी

रायपुर। राज्य शासन ने बीजापुर, बलौदाबाजार-भाटापारा और रायपुर जिले में 5 सड़कों के लिए 108 करोड़ 96 लाख रुपए की निविदा को मंजूरी दी है। इस राशि से तीनों जिले में पुल-पुलियों सहित कुल 73.86 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने संबंधित कार्यपालन अभियंताओं को अनुबंधित समयावधि में काम पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

## पं. श्यामाचरण शुक्ल की जयंती पर किया नमन

रायपुर। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक पं. श्यामाचरण शुक्ल की जयंती पर जीई मार्ग, गौरवपथ, स्वर्ण जयंती तिराहा, गांधी उद्यान के सामने स्थित प्रतिमा स्थल के समक्ष उनके समर्थक, नेता, आमजन बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश के प्रथम पंचायत मंत्री रहे अमितेश शुक्ल सहित नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, पप्पू बंजारे, शहर



महिला कांग्रेस अध्यक्ष ममता रॉय, उषा रज्जन श्रीवास्तव, गंगा यादव, पूर्व एमआईसी मनोज कंदोई, पूर्व पार्षदद्वय सुंदर जोगी, राधेश्याम विभार, सुनील बाजारी, किशन बाजारी, नितिन कुमार झा, विजय साहू, साईं जलकुमार मसंद, डॉ. उदयभान सिंह चौहान, अधिवक्ता संजय मिश्रा, रामकुमार शुक्ला, गौतम मिश्रा, रवि शर्मा, विकास गुप्ता, नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, राजस्व विभाग के अध्यक्ष अवतार बागल आदि ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया।

## बिजनेस साइट

### रायपुर में देश का तीसरा सबसे बड़ा गो-कार्टिंग ट्रैक शुरू

रायपुर। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अम्यूजोरामा वाटरपार्क एवं अम्यूजमेंट पार्क में देश के तीसरे सबसे बड़े गो-कार्टिंग ट्रैक का भव्य उद्घाटन किया। राजधानी रायपुर में शुरू हुआ यह 700 मीटर लंबा ट्रैक भारत के 'टॉप-3' रोमांचक ट्रैक्स में शुमार बताया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने फीता काटकर ट्रैक का शुभारंभ किया और इसे राज्य में एडवेंचर स्पोर्ट्स को नई दिशा देने वाला कदम बताया। उद्घाटन के बाद उन्होंने पार्क का निरीक्षण कर हाईटेक वॉटर स्लाइड्स, वेव पूल और बच्चों के विशेष प्ले-जोन का अवलोकन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह ट्रैक युवाओं



के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा और खेल पर्यटन को बढ़ावा देगा। उन्होंने स्वच्छता, सुरक्षा और पारिवारिक माहौल की सराहना की। पार्क प्रबंधन के अनुसार यहां कड़े सुरक्षा मानक, प्रशिक्षित स्टाफ, शुद्ध शाकाहारी भोजन और पूर्णतः शराबमुक्त वातावरण उपलब्ध है। साथ ही 1 से 4 मार्च तक 'होली फन 2026' उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पहले दिन डीजे योगी प्रस्तुति देंगे।

### छग स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन की 44वीं वार्षिक आमसभा संपन्न




रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टील री रोलर्स एसोसिएशन की 44वीं वार्षिक आमसभा रायपुर के कोर्टयार्ड मैरियट में आयोजित की गई। शाम 4 से 6 बजे तक औपचारिक सत्र एवं 6:30 से 9 बजे तक प्रेरणादायी वक्ता हिमानी (हिमानी हैप्पीनेस हब) का सपरिवार विशेष सत्र हुआ। महासचिव बांके बिहारी अग्रवाल ने मंच संचालन करते हुए अध्यक्ष संजय त्रिपाठी, उपाध्यक्ष डॉ. मनीष मंडल, अजय गुप्ता, मोहन अग्रवाल, सहसचिव राजकुमार अग्रवाल, संजय बोथरा एवं कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल को मंचासीन किया। अध्यक्ष त्रिपाठी ने स्वागत भाषण दिया। महासचिव ने वर्ष 2025-26 की गतिविधियों की जानकारी दी, जबकि कोषाध्यक्ष ने आय-व्यय विवरण व प्रस्तावित बजट प्रस्तुत किया।

### आंजनेय यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन



रायपुर। आंजनेय यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय 'इनकॉन 26: अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया। 'ग्लोबल कन्वर्जेन्स : बिजनेस, टेक्नोलॉजी एंड ह्यूमैनिटीज फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' थीम पर आधारित इस सम्मेलन का उद्देश्य सतत विकास के लिए बहु-विषयक संवाद को बढ़ावा देना रहा। मुख्य अतिथि डॉ. एनवी रामन्ना राव ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु उद्योग–अकादमिक सहयोग और नवाचार आवश्यक हैं। विशिष्ट अतिथि सूरज त्रिपाठी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक व मानवीय मूल्यों के समन्वय पर बल दिया। मुख्य वक्ता प्रो. पारिन सोमानी ने 21वीं सदी में कौशल-संपन्न मानव संसाधन को प्रगति का आधार बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलाधिपति अभिषेक अग्रवाल ने की। सम्मेलन में 500 से अधिक पंजीकरण हुए तथा 250 से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। विभिन्न तकनीकी सत्रों और सम्मान समारोह के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# नहीं रहे पद्मश्री डॉ. बुधेंद्र जैन, एम्स के थे अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पांच दशकों से नेत्र रोग विशेषज्ञ के रूप में दी सेवाएं

पद्मश्री से अलंकृत नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. बुधेन्द्र कुमार जैन का शुक्रवार को चित्रकूट में निधन हो गया। उन्होंने जानकी कुंड चिकित्सालय में शाम 4:24 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की पुष्टि सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट परिवार ने की है।

डॉ. बुधेन्द्र कुमार जैन रायपुर एम्स संस्थान के अध्यक्ष भी थे। डॉ. जैन पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज मुंबई में जारी था। स्वास्थ्य में सुधार न होने के कारण उन्हें चित्रकूट ले जाया गया। वेंटिलेटर से हटाए जाने के बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। डॉ. बीके जैन ने अपना पूरा जीवन गरीबों, संत समाज और नेत्र रोगियों की सेवा को समर्पित किया। उनके नेतृत्व में सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के माध्यम से करोड़ों लोगों की आंखों का इलाज किया गया। दूर-दराज के गांवों से आने वाले जरूरतमंद मरीजों का निःशुल्क अथवा नाममात्र शुल्क लेकर उनके द्वारा उपचार किया जाता रहा।



### एम्स प्रबंधन ने जताया शोक

उनके निधन पर एम्स प्रबंधन द्वारा शोक जताया गया है। एम्स के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने कहा, पद्मश्री डॉ. बुधेन्द्र कुमार जैन का निधन चिकित्सा जगत एवं समाज सेवा के क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन सेवा, करुणा और मानवता के उत्थान के लिए समर्पित किया। एम्स रायपुर के अध्यक्ष के रूप में उनका मार्गदर्शन हमारे लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। हम सभी उनके दिखाए आदर्शों और मूल्यों पर चलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी फैकल्टी सदस्य, चिकित्सकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं।

# होली में सताएगी गर्मी, 6 दिन में चार डिग्री तक चढ़ेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मार्च में बढ़ती गर्मी अंतिम तक पारा 40 तक पहुंचने की उम्मीद

मौसमी तंत्रिका के सक्रिय होने से उतार-चढ़ाव के दौर में अब तापमान के साथ गर्मी बढ़ने की उम्मीद है। अगले 6 दिन में राज्य में 36-37 डिग्री की गर्मी पड़ने की उम्मीद है। यानी होली के दौरान गर्मी सता सकती है, आमतौर पर मार्च में गर्मी अपना असर दिखाने लगती है और पारा अंतिम दिन तक 40 तक पहुंच जाता है। अभी शहर में सुबह-सुबह हल्की ठंड महसूस हो रही है।

फरवरी में राज्य का अधिकतम तापमान 34-36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। मौसम में होने वाले बदलाव की वजह से रात में ठंड और दिन में बेचैनी वाली गर्मी महसूस होती रही। अब मार्च में गर्मी का प्रभाव बढ़ने की उम्मीद है और इसका दौर मार्च के पहले सप्ताह में ही दिखने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में सक्रिय है। इसके असर से अगले 6 दिनों तक अधिकतम तापमान में 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस बीच होली का त्योहार में रहेगा यानी रंग-गुलाल खेलने के बीच तेज गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है। अभी राज्य में दिन में धूप का प्रभाव तेज होने और वातावरण में मौजूद नमी के कारण थोड़ा बेचैनी भरा है। रात में तापमान सामान्य से कम वाली स्थिति में हैं इसलिए सुबह-सुबह हल्की ठंड का प्रभाव महसूस हो रहा है। मार्च के महीने में रात का तापमान 18 से 20 डिग्री के बीच पहुंच जाता है।



### उदय के समय नजर आएगा चंद्रग्रहण का समापन

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक 3 मार्च को पृथ्वी और सूर्य के बीच चंद्रमा आने की वजह से पूर्ण चंद्र ग्रहण घटित होगा। यह भारत के पश्चिमी भाग के कुछ हिस्सों को छोड़कर बाकी स्थानों में दिखाई देगा। अधिकतर स्थानों पर चंद्रोदय के समय चंद्रग्रहण का समापन दिखाई देगा। भारतीय मानक समय के अनुसार दोपहर 3.20 बजे ग्रहण शुरू होकर शाम 6.48 बजे समाप्त होगा। भारत में दिखने वाला अगला चंद्र ग्रहण 6 जुलाई 2028 को घटित होगा जो कि आंशिक रहेगा। इसके पूर्व चंद्र ग्रहण 07-08 सितंबर 2025 को घटित हुआ था जो पूर्ण ग्रहण था।

## राजपूत क्षत्रिय महासभा ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस



रायपुर। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह उपसमिति रायपुर दक्षिण के सचिव ठा. दिनेश कुमार सिंह ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि उपसमिति रायपुर दक्षिण में महासभा का स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठा. रमेश कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष महासभा ठा. उधम सिंह, ठा. अश्वनी सिंह, पूर्व महासचिव महासभा ठा. महेंद्र सिंह परिहार ठा. सुधाकर सिंह एवं ठा. भूपेंद्र सिंह चौहान रहे। अध्यक्षता उपसमिति के अध्यक्ष ठा. इंद्रकुमार सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान रामचंद्र एवं महाराणा प्रताप की पूजा-अर्चना से किया गया। महासभा के 10 संस्थापक सदस्यों की तस्वीर पर तिलक लगाकर उन्हें नमन किया गया। अतिथियों का स्वागत श्रीफल एवं गमछा भेंट कर किया गया। दो संस्थापक सदस्यों के परिजनों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में पवन सिंह, विजय सिंह, लव सिंह, सुदर्शन सिंह, मनमोहन सिंह, रणजीत सिंह, गणेश सिंह, रामकुमार सिंह, सुरेश बनाफर, रितेश सिंह, अमित परमार, ममता राजपूत, नमिता राजपूत, अरुण कुमार, लता ठाकुर, दुर्गा सिंह, आरती राजपूत, श्वेता ठाकुर, तनूजा ठाकुर, सुनीता ठाकुर, श्वेता ठाकुर आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सचिव ठा. दिनेश सिंह ने किया।

## स्थानीय रोजगार सृजन क्षेत्रीय विकास के लिए प्रतिबद्ध




रायपुर। देश की अग्रणी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड ने छत्तीसगढ़, विशेषकर बस्तर अंचल में स्थानीय रोजगार सृजन और क्षेत्रीय विकास के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को एक बार फिर सुदृढ़ की है। कंपनी के साथ बस्तर के अनेक परिवार पीढ़ियों से जुड़े हुए हैं, जो इस क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में एनएमडीसी की निरंतर भागीदारी को दर्शाता है। क्षेत्रीय विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप, हालिया भर्ती प्रक्रिया में चयनित प्रत्येक तीन अभ्यर्थियों में से दो छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। वर्ष 2012 से 2021 के दौरान, बीआईओएम कॉम्पलेक्सेज-बचेली और किरंदुल में, एनएमडीसी ने ग्रुप-सी और ग्रुप-डी श्रेणियों में कार्मिकों की बड़े पैमाने पर भर्ती की, जिसमें लगभग 85 प्रतिशत छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी थे। कंपनी का नया भर्ती अभियान उसके विस्तार कार्यक्रमों से जुड़े व्यापक रोजगार सृजन प्रयासों का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## पेज 11 के शेष ...

### छग सीमा के करीब ...

के बाद अन्य आरोपी फरार हैं। हशीश तेल बनाने की फैक्ट्री ओडिशा-आंध्रप्रदेश सीमांत पर स्थित पडुआ थाना अंतर्गत झोलापुट के पास घने जंगल में संचालित हो रही थी। बताया जा रहा है, जहां हशीश तेल बनाने की फैक्ट्री संचालित हो रही थी, वह आंध्रप्रदेश सीमा के साथ छत्तीसगढ़ सरहद के काफी करीब है।

### अंकसूची सुधार पांच ...

बारहवीं की लिस्ट ऑफ कैंडिडेट तैयार करते समय अत्यंत सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है, जिससे कि कोई गलती सामने नहीं आए और छात्रों को अंक तालिका-सर्टिफिकेट सही ब्योरे के साथ जारी की जा सके। सीबीएसई इसके लिए दस से पन्द्रह रीमाइंडर तक जारी करता है। इसके बाद भी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों को डेमोग्राफिक ब्योरे (छात्र का नाम, माता-पिता का नाम) व जन्मतिथि में बदलाव के लिए आग्रह प्राप्त हुए हैं।

**खबर संक्षेप**

## माना-तूता का जंगल बचाने चौथे दिन सद्बुद्धि यज्ञ



**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण एवं रायपुर शहर कांग्रेस के संयुक्त आह्वान पर माना-तूता जंगल में चल रहे लगातार विरोध प्रदर्शन के चौथे दिन आज सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ विष्णु देव साय सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने, पर्यावरण विनाश को रोकने तथा माना-तूता जंगल की रक्षा के लिए किया गया। सैकड़ों महिलाओं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने सामूहिक यज्ञ में भाग लिया। यह आंदोलन जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं रायपुर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष श्री कुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में चल रहा है।

## तहसील में हंगामा, 3 वकीलों के विरुद्ध नामजद एफआईआर

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के तहसील कार्यालय में हंगामा करने और कर्मचारी के साथ बदसलूकी कर उससे जाति पूछने के मामले में आजाक थाना पुलिस ने तीन वकीलों के विरुद्ध नामजद अपराध दर्ज किया है। इसके अलावा घटना के दौरान मौके पर मौजूद अन्य वकीलों के विरुद्ध भी इस मामले में अपराध दर्ज हुआ है। आजाक एसीपी नंदिनी ठाकुर ने बताया कि रायपुर तहसील कार्यालय में अतिरिक्त तहसीलदार ख्याति नेताम के कोर्ट में 25 फरवरी को कुछ वकीलों ने हंगामा किया था। इस दौरान वकीलों ने एक कर्मचारी से बदसलूकी करते हुए उससे उसकी जाति के बारे में भी पूछताछ की। इसका विडियो भी वायरल हुआ है। इस मामले की शिकायत पर नामजद तीन वकील सहित मौके पर मौजूद अन्य वकीलों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## तहसील कार्यालयों में पदस्थ 26 कर्मचारी का ट्रांसफर

**रायपुर।** राजस्व विभाग रायपुर जिले के विभिन्न तहसील कार्यालयों में पदस्थ 26 कर्मचारियों को ट्रांसफर आदेश जारी किया है। इनमें रायपुर तहसील कार्यालय के भी 9 कर्मचारी भी शामिल हैं। इन कर्मचारियों को आरंग, धरसींवा, खरोरा, अभनपुर एवं गोबरानवापारा तहसील कार्यालय भेजा गया है, वहीं उन तहसील कार्यालयों के कर्मचारियों को रायपुर में पदस्थ किया गया है।

## मृतकों की स्मृति में लगाए गए फल-फूल के पौधे



**रायपुर।** कृष्ण मित्र फाउंडेशन के आव्हान पर परिवार के सदस्यों ने अपने मृतक परिजनों की स्मृति में तीन पौधे बेल के और दो पौधे नीम के साथ ही फूलों के पौधे लगाए। धन्नू लाल देवांगन और उनकी पत्नी तिलेश्वरी देवांगन और उनके बच्चों ने पौधे लगाए। इसी कड़ी में विजय पाल और उनकी पत्नी चंदा पाल ने आम और नीम के पौधे लगाए। वंश गोपाल शर्मा ने परिवार सहित फूलों के पौधे लगाए। संस्था के अध्यक्ष माधव लाल यादव ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि फाउंडेशन के सदस्य पौधों की देखभाल करते हैं।

# रविवि ने वापस लिया अपना ही नियम, 10 वर्ष से अधिक समय तक बने रह सकेंगे प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने वर्ष 2015 में निजी महाविद्यालयों में प्राचार्यों की नियुक्ति के लिए जारी अपना ही नियम वापस ले लिया है। कार्यपरिषद की बैठक में प्रस्ताव पारित होने के बाद अब इसे मार्गदर्शन के लिए उच्च शिक्षा विभाग भेजा गया है। यहां से दिशा-निर्देश आने पश्चात आदेश जारी किया जाएगा। दरअसल, यूजीसी द्वारा 2013 में एक दिशा-निर्देश जारी किया गया था। इसमें कहा गया कि किसी भी महाविद्यालय में प्राचार्य का कार्यकाल दो बार अर्थात 10 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। रविवि ने वर्ष 2015 में इसे निजी महाविद्यालयों के लिए लागू कर दिया, लेकिन शासकीय महाविद्यालयों को इससे अलग रखा गया। पं.रविशंकर शुक्ल विवि प्रदेश का इकलौता विवि है, जिसने इस सुझाव को लागू किया।

इसके लागू किए जाने की तिथि से ही इस पर विवाद होता रहा है। निजी महाविद्यालयों ने इसे पक्षपात बताते हुए शासकीय महाविद्यालयों में भी एक समान रूप से लागू करने अथवा इसे पूर्ण रूप से हटाए जाने की मांग की। यूजीसी द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देश अथवा सुझाव विश्वविद्यालयों के लिए लागू करना अनिवार्य नहीं है। यूजीसी द्वारा नियमों को विवि की परस्थितियों के अनुसार लागू करने की सलाह दी जाती है।

## 2015 में केवल निजी महाविद्यालयों के लिए जारी हुआ था नियम

### इसलिए विरोध

निजी महाविद्यालयों का तर्क था कि प्राचार्य की योग्यता रखने वाले योग्य व्यक्तियों की संख्या सीमित है। अधिकतर अभ्यर्थी शासकीय संस्थानों में ही सेवाएं प्रदान करते हैं। केवल दो टर्म के लिए प्राचार्य नियुक्त किए जाने पर कोई भी योग्य अभ्यर्थी अपनी वर्तमान नौकरी छोड़कर नहीं आएगा। ऐसे में उनके लिए प्राचार्य ढूंढना जटिल हो जाएगा। दस वर्ष के निर्धारित कार्यकाल के लिए नियुक्ति होने पर कार्य की गुणवत्ता पर भी असर पड़ेगा। इसके अलावा नियमित अंतराल में महाविद्यालयों के समक्ष प्राचार्य ढूंढने की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। बीते दस वर्षों में इस नियम को लेकर निजी महाविद्यालयों द्वारा समय-समय पर आपत्ति दर्ज की जाती रही है। अंततः फरवरी माह के प्रथम पखवाड़े में रविवि कार्यपरिषद की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव पारित कर दिया गया।



### देर से मिली राहत

*विलंब से ही सही लेकिन सही निर्णय विवि द्वारा लिया गया है। यह निर्णय व्यावहारिक रूप से अनुचित था।*
*डॉ. देवाशीष मुखर्जी, सचिव, निजी महाविद्यालय संघ*

**महतारी वंदन योजना:** जिले में 515850 महिलाओं को हर महीने मिल रहा एक हजार

# ई-केवाईसी के बाद 4875 हितग्राहियों की राशि होल्ड, इनमें 1177 महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार की महतारी वंदन योजना के तहत रायपुर जिले में हर महीने 5 लाख 17 हजार 95 महिलाओं के बैंक खातों में एक हजार रुपए सहायता राशि के रूप में ट्रांसफर हो रहे हैं, वहीं ईकेवाइसी नहीं होने के कारण 4875 महिलाओं की राशि को होल्ड कर दिया गया है। जिन महिलाओं की राशि को होल्ड किया गया है, उनमें 1177 महिलाएं अपने दिए गए पते पर ही नहीं मिलीं, जिसके कारण विभाग ने इन महिलाओं को जिला या राज्य से पलायन कर चुकी हैं, ऐसा मानते हुए इनके नाम की सूची संचालनालय को भेजकर पोर्टल से हटाने के लिए अनुशंसा की है। इधर महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी का कहना है कि ई-केवायसी कराने के लिए विभाग ने हितग्राहियों की सूची तैयार की है। इस सूची के तहत प्रत्येक हितग्राही को ई-केवाइसी कराना अनिवार्य है, जिन्होंने केवाइसी नहीं कराया है, उनकी राशि को होल्ड किया है।



### 33354 हितग्राहियों को कराना था ईकेवाइसी

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिले में कुल 535850 महिलाओं के नाम महतारी वंदन योजना के तहत पंजीकृत हैं। इनमें से 33 हजार 354 हितग्राहियों को भौतिक सत्यापन करने के लिए उनके नाम की सूची ई-केवाइसी के लिए तैयार की गई। इन सभी हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से ईकेवाइसी कराना था, लेकिन इनमें से 28 हजार हितग्राहियों ने ही ई-केवाइसी कराया है। शेष 4875 हितग्राहियों ने अब तक ईकेवाइसी नहीं कराया है। इसके कारण इन सभी हितग्राहियों को हर महीने योजना के तहत ट्रांसफर होने वाली राशि को होल्ड कर दिया है।

### 1177 हितग्राही बदल चुकी हैं ठिकाना, इनमें कोई जिला कोई राज्य छोड़ चुकी

*विभाग से मिली जानकारी के अनुसार केवाईसी नहीं कराने वाली महिलाओं में 1177 अपने पते पर ही नहीं मिली। ये महिलाएं अपना ठिकाना बदल चुकी हैं। इन हितग्राहियों में कोई जिला तो कोई राज्य छोड़कर जा चुकी हैं। इनके अलावा ऐसी भी कुछ महिलाएं हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है।*

### चॉइस सेंटर में ईकेवाइसी की सुविधा

*अधिकारियों के अनुसार किसी भी ईकेवाइसी कराने की सुविधा चॉइस सेंटरों में दी गई है। कोई भी हितग्राही किसी भी चॉइस सेंटर में जाकर अपना ईकेवाइसी करा सकती है। ईकेवाइसी कराने में अगर किसी प्रकार की दिक्कत आ रही है, तो यह मान लिजिए हितग्राही का बायोमेट्रिक आधार अपडेट नहीं हुआ है, या बैंक खाता से आधार को जोड़ा नहीं गया है। आधार अपडेट के बाद बैंक में डीबीटी कराना अनिवार्य है।*

### हटाने सूची संचालनालय भेजी

*ईकेवाइसी नहीं होने के कारण 4875 हितग्राहियों की राशि को होल्ड किया है। भौतिक सत्यापन के दौरान 1177 महिलाएं अपने पते पर ही नहीं मिली हैं। वे सभी अपना ठिकाना बदल चुकी हैं। इनमें ज्यादातर महिलाएं जिला या राज्य छोड़कर जा चुकी हैं। पोर्टल से नाम हटाने के लिए इसकी सूची संचालनालय को भेजी गई है।*
*- शैल ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर*

# पुलिस की इंड टू इंड कार्रवाई में तीन गांजा तस्करों को 20-20 वर्ष कैद के साथ जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व 50 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार तीन आरोपियों को कोर्ट ने 20-20 वर्ष कैद के साथ दो-दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपियों में एक युवती शामिल है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश किरण थवाइत की एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। जिन तस्करों को कोर्ट ने सजा सुनाई है, उनमें एक आरोपी ओडिशा का रहने वाला है, जिससे तस्कर ओडिशा जाकर गांजा खरीद कर रायपुर ला रहे थे।

विशेष लोक अभियोजक भुवनलाल साहू के अनुसार कोर्ट ने कबीर नगर निवासी सतीष अग्रवाल, कामेश्वरी गोस्वामी तथा ओडिशा, बरगढ़ निवासी सुभाष पटेल को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर मंदिर हसौद के पास गाड़ियों की जांच की। इस दौरान संदिग्ध परिस्थिति में एक स्विफ्ट डिजायर कार आते दिखी। पुलिस ने कार को रोकने की कोशिश की, तो दोनों ने पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की घेराबंदी में सतीश तथा कामेश्वरी फंस गए। कार की डिक्की खोलकर जांच करने पर 50 अलग-अलग पैकेट में गांजा मिला।



*तीनों आरोपियों को विशेष न्यायाधीश ने कैद के साथ दो-दो लाख जुर्माने की सजा सुनाई*

### तकनीकी साक्ष्य पर गांजा सप्लायर को सजा

गांजा तस्करी करने वाले तथा उन्हें गांजा सप्लाई कौन करता है, इस बात की जानकारी जुटाने पुलिस ने सतीष तथा कामेश्वरी से पूछताछ की, तो दोनों ने ओडिशा से गांजा लाना बताया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को गांजा सप्लाई करने वाले सप्लायर सुभाष का नाम बताया। इसके बाद पुलिस ने सतीश का कॉल डिटेल निकाला। दोनों के बीच बातचीत होने की पुष्टि हुई। सुभाष को सतीश ने यूपीआई पेमेंट किया था। बैंक के साथ कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस ने सुभाष को गिरफ्तार कर उसे भी आरोपी बनाया। कोर्ट ने सुभाष को तकनीकी साक्ष्य के आधार पर सजा सुनाई।

# दो माह से नहीं मिला एनएचएम कर्मचारियों को वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य सेवा में रीढ़ की तरह काम करने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों को पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों का कहना है कि होली नजदीक होने के बावजूद कर्मचारियों के चेहरों पर खुशी दिखाई नहीं दे रही है। बढ़ती महंगाई के इस दौर में बिना वेतन परिवार का भरण-पोषण, वृद्ध माता पिता की दवाई घर का किराया, इस परीक्षा के बच्चों का स्कूल का फीस, अत्यंत कठिन हो गया है।

एनएचएम संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित मिरी एवं प्रवक्ता पुरन दास कर्मचारियों के सामने अपने बच्चों एवं परिवार के लिए त्यौहार की आवश्यक वस्तुएँ खरीद पाना भी संभव नहीं हो पा रहा है। यदि समय पर वेतन जारी नहीं हुआ तो इस बार भी होली फीकी रहने की आशंका है। वर्षभर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मचारियों को ही होली जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार के समय वेतन के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। उन्होंने शासन एवं विभागीय अधिकारियों से कर्मचारियों की पीड़ा को गंभीरता से लेने की अपील की। स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य सचिव एवं उच्च अधिकारीयों द्वारा पूर्व में दिए गए वादों के बावजूद वेतन जारी करने में देरी क्यों हो रही है।

# केजरीवाल बरी, आप ने कहा- यह संविधान की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब नीति में कोर्ट द्वारा केजरीवाल और सिसोदिया को न्यायालय द्वारा बरी किए जाने को आम आदमी पार्टी ने संविधान की जीत बताया है। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष उत्तम जायसवाल, देवलाल नरेटी व अभिषेक मिश्रा ने कहा कि यह सत्य और न्याय की ऐतिहासिक विजय है। यह सिर्फ दो नेताओं की जीत नहीं, बल्कि सच्चाई, संघर्ष और ईमानदार राजनीति की जीत है। आम आदमी पार्टी के लिए आज बहुत बड़ा दिन साबित हुआ है। जिस तरह पार्टी के बड़े नेताओं को षड्यंत्र करके झूठे केस में फसाया गया था, उस पर कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है।

- रायपुर के प्रदेश कार्यालय में मना जश्न, कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां



### अन्य जिलों में भी जश्न

*आम आदमी पार्टी ने आंबेडकर चौक और घड़ी चौक में मिठाई बांटी। प्रदेश के अन्य जिलों में भी पार्टी कार्यालय में जश्न का महौल रहा। गौरतलब है, 21 मार्च 2024 को ईडी ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। तत्पश्चात 26 जून को सीबीआई ने जेल से ही हिरासत में लिया। 23 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई केस में उन्हें जमानती दी थी। लंबी सुनवाई के बाद न्यायालय ने केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सहित 23 लोगों को बाइज्जत बरी किया है। पूर्व में भी मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आप नेता व दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन को मई 2022 में ईडी ने गिरफ्तार किया था। सबूत ना होने के कारण 5 अगस्त 2025 को विशेष अदालत ने सत्येंद्र जैन को बरी कर दिया था।*

# तीन साल से एनओसी लंबित, गौण खनिज पट्टेदारों का पर्यावरण भवन के सामने मौन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में गौण खनिज खदानों का संचालन करने वाले छत्तीसगढ़ खनिज पट्टेदारों ने शुक्रवार को नवा रायपुर में राज्य पर्यावरण विभाग के भवन परिसर में जमीन पर बैठकर मौन प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पट्टेदारों ने खनिज खदानों को 3 साल से पर्यावरण विभाग से एनओसी नहीं देने के विरोध में किया। सुबह से शाम तक चले इस प्रदर्शन के बाद पट्टेदार महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने खनिज विभाग के उप संचालक महिपाल कंवर से अपनी मांग को लेकर मुलाकात भी की। इस दौरान अधिकारी ने उन्हें एक सप्ताह के भीतर उनकी मांग को लेकर शासन स्तर पर चर्चा कर बैठक करने का आश्वासन दिया है। इस बैठक में पर्यावरण, खनिज विभाग के साथ पट्टेदार महासंघ के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।



### एनओसी नहीं मिलने के कारण कई खदानें बंद होने की कगार पर

खनिज पट्टेदार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने बताया कि हम 3 वर्षों से कागजी कार्रवाई में उलझे हुए हैं। व्यवसाय करना अब कठिन हो गया और केवल शासन को किसी तरह रुपए देना ही हमारा काम रह गया है। उन्होंने बताया कि राज्य पर्यावरण विभाग से एनओसी नहीं मिल पाई है, जिसके कारण कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में गौण खनिज पट्टा देने के लिए पहले जिला स्तरीय पर्यावरण का गठन किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद अब राज्य स्तरीय कमेटी से एनओसी लिया जाना है। इसके लिए प्रदेश कमेटी के नीचे तीन सहायक कमेटी और बनाई गई, ताकि शीघ्र निराकरण हो सके, लेकिन पर्यावरण विभाग की उदासीनता के कारण तीन वर्ष के बाद भी एनओसी मिल नहीं पाई है। इसके कारण कई खदानें बंद होने की कगार पर है।

### मौन प्रदर्शन में ये रहे शामिल

महासंघ के महासचिव पराग बढ़े, कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र बंसल, उपाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, रवि कुकरेजा, पदाधिकारी विजय अग्रवाल, अशोक सिंह राजपूत, सुभाष पांडे शैलेश तिवारी, मनिंदर गरचा, सुभाष सिंघानिया, आलोक अग्रवाल, हेमंत बजाज, मनोज नचार, गोविंद पटेल, झाला राम चंद्राकार, दीप कुमार अग्रवाल, अविनाश मोदी, फगेंद्र यादव जसवीर सिंह चावला धमतरी से चैन सुख पारख जगदलपुर से बाफना सहित बड़ी संख्या में खनिज पट्टेदार उपस्थित रहे।

# बायलर इंस्पेक्टर की भर्ती में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्ष 2021-22 में छग लोक सेवा आयोग में हुई सदस्यों की नियुक्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा नेता गौरी शंकर श्रीवास ने 3 सदस्यों की नियुक्ति को गलत बताते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की है। मामला उद्योग विभाग में बायलर इंस्पेक्टर की भर्ती से जुड़ा है। नियम से हटकर कानन वर्मा नामक अभ्यर्थी की नियुक्ति की गई। उक्त अभ्यर्थी की आयु निर्धारित सीमा से अधिक थी। इस विषय में दूसरे अभ्यर्थी साकेत अग्रवाल ने हाई कोर्ट में पीटीशन दाखिल की। जिसपर हाई कोर्ट ने फैसला देते हुए साकेत अग्रवाल को नियुक्ति देने का आदेश जारी किया है। इस मामले को लेकर गौरी शंकर श्रीवास ने लोक सेवा आयोग और राज्यपाल को पत्र लिखा है। जिसमें जांच के बाद तीनों सदस्यों को हटाने की मांग की है।

- भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास ने नियुक्ति को गलत बताया



### यह है खत में

राज्यपाल को लिखे शिकायती खत में कहा गया है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा बॉयलर निरीक्षक पद के लिए भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें सारे नियमों को दरकिनार करते हुए एक अभ्यर्थी जो कि तय उम्र की सीमा की अर्हताओं की श्रेणी में नहीं आते, उन्हें नियुक्ति दी गई। अभ्यर्थियों द्वारा यह शिकायत कि गई है कि पूर्व सरकार के दौरान नियुक्त किए गए सदस्यों की गतिविधियां संदिग्ध हैं। कानन वर्मा इनमें से एक सदस्य का रिश्तेदार बताया जा रहा है। छग लोक सेवा आयोग की छवि बरकरार रहे, इसलिए इन्हें तत्काल पद से हटा कर मामले की जांच की जाए।

### आबकारी आरक्षक पद पर चयनित हुए 104 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन कराने का अंतिम मौका:

**रायपुर।** आबकारी विभाग के अंतर्गत आरक्षक पद भर्ती परीक्षा में चयनित हुए 104 अभ्यर्थियों ने अब तक दस्तावेज का सत्यापन नहीं कराया है। इन अभ्यर्थियों को अब आखरी मौका दिया गया है। इसके लिए विभाग ने 9 मार्च को नवा रायपुर स्थित आबकारी आयुक्त कार्यालय में सुबह 11 बजे बुलाया गया है।















हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



## एजुकेशन अलर्ट

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा 1 मार्च को

**रायपुर।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए 1 मार्च 2026 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि धमतरी में पांच परीक्षा केन्द्र- मेनोनाईट हिन्दी हायर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी, मॉडल इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल सोरिद नगर धमतरी, शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमातालाब और सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल बनाए गए हैं। परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों द्वारा प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in/Admit-Card-Login में जाकर आवेदन क्रमांक एवं विद्यार्थी के पिता के मोबाईल नंबर की प्रविष्टि कर डाउनलोड किया जा सकता है। प्रवेश पत्र में दिए गए सभी निर्देशों का पालन परीक्षार्थियों द्वारा किया जाना अनिवार्य है।




### पुलिस कॉन्स्टेबल ऑपरेटर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी

केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती की ओर से राज्य में पुलिस कॉन्स्टेबल ऑपरेटर के रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती निकाली गई है। अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 1 मार्च से स्टार्ट की जाएगी जो निर्धारित अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 तक जारी रहेगी। जो भी उम्मीदवार पुलिस विभाग में सरकारी नौकरी पाने का सपना देख रहे हैं और भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं वे इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भर सकेंगे।इस भर्ती में भाग लेने के लिए उम्मीदवार ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 (इंटरमीडिएट/ विज्ञान) या इसके समकक्ष उत्तीर्ण किया है। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों ने गणित, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान में न्यूनतम 50 प्रतिशत, एससी/ एसटी ने न्यूनतम 45 फीसदी अंक प्राप्त किए हों।

#### शारीरिक मापदंड

एसआई पदों के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम लंबाई सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग की न्यूनतम लंबाई 165 सेमी और सीना बिना फुलाए 81 एवं फुलाकर 86 सेमी होना चाहिए। अत्यंत पिछड़ा वर्ग, एससी, एसटी वर्ग की न्यूनतम लंबाई 160 सेमी और सीना बिना फुलाए 81 एवं फुलाकर 86 सेमी होना चाहिए। एससी/ एसटी के लिए सीना बिना फुलाए 79 एवं फुलाकर 84 सेमी होना चाहिए। महिला उम्मीदवारों की न्यूनतम लंबाई 155 सेमी एवं न्यूनतम वजन 48 किलोग्राम होना आवश्यक है।

‘प्री-होली सेलिब्रेशन के चलते शुक्रवार को श्याम खाटू मंदिर में जहां फूलों की होली और भजनों से आस्था का रंग चढ़ा। वहीं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का गार्डन भी होली के गीत-संगीत से गुलजार रहा। छात्र-छात्राओं ने डीजे पर फागुन के गीतों पर धूम मचाते हुए रंग-गुलाल उड़ाया। रंगों के महापर्व से पहले सेलिब्रेट करते हुए अवसर को यादगार बनाने का प्रयास किया। वहीं लभांडी स्थित होटल में सुहिणी सोच से जुड़ी महिलाओं ने होली का रंगीन धमाका पेश किया। इस अवसर पर गीत-संगीत के साथ विविध गेम्स के चलते उत्साह का माहौल रहा।’

# श्याम दरबार में आस्था का रंग, प्री-होली सेलिब्रेशन से गुलजार रविवि गार्डन, गीत-संगीत संग उड़ाया गुलाल

## शहर में अलग-अलग आयोजनों में होली से पहले बना महोत्सव का माहौल, हर वर्ग ने की शिरकत





**रायपुर।** जैसे-जैसे होली महापर्व की तिथि नजदीक आ रही है। होली गीतों के साथ रंग-गुलाल लगाने और प्री-सेलिब्रेशन का दौर शुरू हो गया है। इस कड़ी में समता कॉलोनी स्थित श्याम खाटू मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। इसने क्षेत्र का भ्रमण करने के बाद मंदिर परिसर में लौटने के बाद समापन किया। इसके बाद फूलों की होली संग श्याम महोत्सव का सिलसिला शुरू हुआ। इसमें हर वर्ग के श्रद्धालु शामिल होकर आस्था से सजे गीतों में रमे रहे। इसके चलते सुबह से शाम तक श्याम खाटू के दरबार में महोत्सव का माहौल बना। वहीं दूसरी ओर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित गार्डन में आयोजित होली महोत्सव में छात्र-छात्राओं का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता दर्ज कराते हुए रंग-गुलाल, संगीत और आपसी भाईचारे के साथ होली का आनंद लिया।

### सफल आयोजन के लिए व्यक्त किया आभार



छात्र शक्ति की एकजुटता ने संदेश दिया कि पीआरएसयू के युवा सकारात्मक सोच, सामंजस्य और भाईचारे के साथ आयोजन को सफल बनाने में सक्षम हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष पुनेश्वर लहरे ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। आपसी समन्वय और छात्र एकता को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि वे सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की पूर्ण क्षमता रखते हैं। अंत में आयोजकों ने सहयोग प्रदान करने वाले सभी छात्र-छात्राओं, प्रशासनिक सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### रंगों की बौछार और गीतों पर छलका उत्साह



रविवि परिसर में छत्तीसगढ़ी, फिल्मी गीतों पर झूमते हुए युवाओं के ग्रुप ने उत्सव, उमंग और युवा ऊर्जा से अवसर को खास बनाया। यह आयोजन एनएसयूआई के तत्वावधान में किया गया। इसका नेतृत्व पुनेश्वर लहरे ने किया। उनके नेतृत्व में यह महोत्सव अनुशासित, शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में सफलता से संपन्न हुआ। विशेष रूप से छात्राओं की सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही। आयोजन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। रंगों की बौछार, संगीत की मधुर धुन और युवाओं के उत्साह ने विश्वविद्यालय परिसर को उत्सवमय बना दिया।

### सुहिणी सोच संग महिलाओं ने किया सेलिब्रेट



सुहिणी सोच संस्था द्वारा होली का रंगारंग आयोजन किया गया। होटल किंग्सवे में बरसाने की होली का यह रंगारंग आयोजन यादगार रहा। इसमें एंट्री पासेस द्वारा दी गई, इसके चलते बरसाने की होली का माहौल बना। उत्साह व उमंग से सजे आयोजन के बीच कई प्रतियिताओं का दौर भी चला। संस्था की फाउंडर मनीषा तारवानी और अध्यक्ष पल्लवी चिमनानी के मार्गदर्शन में आकर्षक प्रस्तुतियों का सिलसिला चला।

## सिटी इवेंट

### एकल-युगल नृत्य पर झूम उठे विद्यार्थी, समूह गायन से मचाई धूम



**रायपुर।** शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम शाम 4 बजे से महाविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने एकल नृत्य, समूह गायन, प्रहसन, एकांकी एवं युगल नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां से समां बांधा। वार्षिकोत्सव के सफल संचालन के लिए महाविद्यालय में चार सदनों का गठन किया गया था, कलर थीम पर इन सदनों के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन सदनों का नाम व प्रभारी सदस्य भी नियुक्त किए गए। प्रथम सदन सत्यम की कलर थीम पीला रंग और प्रभारी सीमा अग्रवाल रहीं। इसी तरह दूसरे सदन का नाम शिवम सदन, कलर थीम गुलाबी, प्रभारी शेफाली मिश्रा, तीसरे का नाम सुंदरम सदन थीम लाल रंग और प्रभारी अनुपमा अम्बस्ट रहीं। चौथे सदन का नाम मधुरम सदन, थीम नीला रंग और प्रभारी कल्पना देशमुख रहीं। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य भावना चौहान के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का सफल निर्देशन करने मे संस्कृतिक प्रभारी डॉ. लता मिश्रा एवं शांतनु बिस्वास की अहम भूमिका रही।



#### प्रतिभागियों का किया सम्मान

समापन अवसर पर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य भावना चौहान ने प्रतियोगिता के विजेताओं के परिणाम घोषित किया। डॉ. लता मिश्रा ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए वार्षिकोत्सव की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। अतिथियों के माध्यम से विजेताओं का सम्मान किया गया।

#### ये रहे उपस्थित

वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे रहीं। दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि जेपी रथ, अतिरिक्त संचालक एससीईआरटी छत्तीसगढ़ रहे।

### टेसू के फूलों ने बिखेरा सौंदर्य



बसंत ऋतु के बीतने व होलिका पर्व के नजदीक आते ही शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पलाश के फूल चारों ओर दिखाई देने लगे हैं। सड़कों के किनारे लगे पलाश के पेड़ों पर उगे फूलों ने सड़कों की रौनक बढ़ा दी है। पेड़ों पर जैसे फूलों की बहार छाई हुई है, जिससे वातावरण का सौंदर्य बढ़ने लगा है। टेसू के फूलों से होलिका पर्व पर रंग भी बनाया जाता है।

प्रकृति की होली...



### रंग मंदिर के प्रेक्षागृह में कमला देवी संगीत महाविद्यालय का भव्य आयोजन

## विद्यार्थियों ने कथक नृत्य और लोकसंगीत से बांधा समां



**रायपुर।** कमला देवी संगीत महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुक्रवार को सायं 6 बजे रंग मंदिर प्रेक्षागृह में हुआ। वार्षिकोत्सव में बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट एवं मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट के विद्यार्थियों द्वारा विविध सांगीतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष आकर्षण के रूप में तराना की एक श्रृंखलाबद्ध प्रस्तुति दी गई, जिसमें विभिन्न रागों गोरख कल्याण, भीमपलासी, यमन, देश, दरबारी एवं कलावती पर आधारित कुल सात रचनाएं प्रस्तुत की गईं। इस प्रस्तुति में तराना के साथ तिरवट एवं चतुरंग जैसे विशेष अंगों का भी समावेश किया गया। कार्यक्रम का समापन राग बहार के समूह तराने से हुआ, जो पंडित विष्णु नारायण भातखंडे की रचना है। इस संपूर्ण प्रस्तुति का निर्देशन प्रख्यात संगीतज्ञ डॉ. दीपक बेडेकर द्वारा किया गया, जिन्होंने हारमोनियम पर संगत भी दी एवं तबले पर हरि पटेल ने प्रभावी संगति प्रदान की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. इंदिरा मिश्रा शामिल हुईं एवं अध्यक्षता डॉ. अरुणा पलटा ने की।

#### पारंपरिक नृत्य और वादन ने मोहा मन

इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में एकल तबला वादन, कथक नृत्य, लोकसंगीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्होंने कार्यक्रम को बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन शारदा नाथ ने किया। अंत में उपस्थित अतिथियों एवं श्रोताओं ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया।

### पिछले साल से गुलाल के दामों में 20 से 30 प्रतिशत की गिरावट

## होली पर केमिकल रंगों से दूरी, चंदन और फूलों से बने हर्बल गुलाल की बढ़ी मांग

कार्नर न्यूज




**रायपुर।** होली के त्योहार की तैयारियां तेज हो चुकी हैं। बदलते समय के साथ अब लोगों ने केमिकल वाले रंगों से पूरी तरह दूरी बना ली है। वे अब होली में ऐसे रंगों को शामिल करने को प्राथमिकता दे रहे हैं, जो त्वचा के लिए सुरक्षित और लाभकारी हों। इस बार शहर में चंदन से बना गुलाल लोगों की पहली पसंद बना हुआ है। गुलाल दुकान के संचालक अनुज गोयल ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार गुलाल के दाम 20 से 30 प्रतिशत तक कम हुए हैं। कीमतों में कमी और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के कारण ब्रांडेड हर्बल गुलाल की मांग काफी बढ़ गई है। पहले लोग हर्बल गुलाल कम मात्रा में खरीदते थे, लेकिन अब हर वर्ग के लोग इसे ही पसंद कर रहे हैं। बाजार में बढ़ती मांग को देखते हुए, इस बार देशी और विदेशी फूलों के अर्क से सुगंधित गुलाल तैयार किए गए हैं। ये गुलाल न केवल त्वचा को ठंडक प्रदान करते हैं, बल्कि इनमें किसी भी प्रकार के केमिकल का उपयोग न होने के कारण ये पूरी तरह सुरक्षित भी हैं। अब रंग सस्ते हों या महंगे, ग्राहक अपनी त्वचा की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सिर्फ हर्बल विकल्पों को ही चुन रहे हैं।





#### पार्टियों के लिए क्विंटल में खरीद रहे हर्बल गुलाल

बाजार में सस्ते केमिकल और महंगे हर्बल, दोनों तरह के रंग मौजूद हैं। सस्ते केमिकल वाले रंग पक्के जरूर होते हैं, लेकिन ये त्वचा के लिए बेहद खतरनाक और बीमारियों का कारण बन सकते हैं। कई लोग अभी भी चंद रुपये बचाने के चक्कर में हानिकारक केमिकल वाले रंग खरीद लेते हैं। लेकिन राहत की बात यह है कि स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के चलते, बड़ी होली पार्टियों और सामूहिक आयोजनों के लिए लोग अब सुरक्षा से कोई समझौता नहीं कर रहे हैं। आयोजकों द्वारा क्विंटल के हिसाब से केवल सुरक्षित हर्बल गुलाल की ही खरीदारी की जा रही है।

#### ‘बीन’ की धुन वाली पिचकारियां

होली की मस्ती को दोगुना करने के लिए बाजार में डरावने मुखौटों, नकली बालों और लंबी मूंछों की जमकर बिक्री हो रही है। युवाओं के बीच एलईडी लाइट वाले मुखौटे सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं, जो कई रंगों में चमकते हैं। इनकी कीमत 150 से 500 रुपए के बीच है। बच्चों की बात करें तो सायरन और ‘बीन’ की मधुर आवाज निकालने वाली गन पिचकारियां उनकी पहली पसंद बनी हुई हैं। इसके अलावा छोटा भीम, मिक्की माउस और सुपरमैन जैसे लोकप्रिय कार्टून कैरेक्टर वाली गन और पारंपरिक पिचकारियों से भी बाजार गुलजार है।

**धर्म लाइव**

## समाज में विकृति आने से उसे पटरी पर लाने का काम करती है संस्कृति



रायपुर। आज भी सनातन संस्कृति दुनिया में सर्वश्रेष्ठ होने के साथ भारतवर्ष का गौरव है। विश्व में जितने राष्ट्र है, उनमें सभ्यता तो है, लेकिन संस्कृति नहीं है। प्रकृति में विकृति का आना स्वाभाविक है, लेकिन इसके प्रभाव में आने वाले समाज को फिर से पटरी पर लाने का काम सनातन संस्कृति करती है। इसके साथ ही समाज को मुख्यधारा से जोड़ती है। श्री रामचरित मानस का श्रवण तो कर रहे, पर उसे आत्मसात नहीं कर रहे हैं। मानस का उद्देश्य चरित्र निर्माण करना है। शुक्रवार को सिंधु पैलेस शंकरनगर में श्रीराम कथा ज्ञानयज्ञ के दौरान मानस मर्मज्ञ दीदी मां मंदाकिनी ने उक्त बातें श्रोताओं के बीच कहीं। उन्होंने व्यासपीठ से बताया कि कथाएं इतनी हो रही हैं और इनकी चारों ओर चर्चा भी है, लेकिन लोगों को इन कथाओं से क्या उनके सही प्रश्नों का जवाब मिल रहा है? सनातन की चर्चा भी कुछ ज्यादा हो रही है, क्योंकि अभी विशेष काल भी चल रहा है।

### ज्ञान की दृष्टि हमारे पास होना सबसे ज्यादा जरूरी

उन्होंने आगे कहा कि किसी भी राष्ट्र में वह साहस नहीं है, जो सर्वोच्च शक्ति है, उसे नीचे उतार सके। उनको भाई, पिता, मित्र, पुत्र एक संबंध के रूप में जी सके। उनका दुख-सुख बांट सकें। एक मात्र सनातन संस्कृति है, जो सबको नीचे उतार सकती है। ब्रह्म को पहचानने की दृष्टि ज्ञान के पास है तो ज्ञान की दृष्टि हमारे पास होनी जरूरी है। अब ज्ञान और विज्ञान के साथ जुड़कर देखिए, जहां पर दूसरा पक्ष यह दिखाई दे रहा है कि कंप्यूटर आ गया, उसके ऊपर सुपर कम्प्यूटर आ गया, एआई आ गया और इसे भारत सरकार ने भी बना दिया। आईकेएस, इसका मतलब होता है इंडियन नॉलेज सिस्टम। अब क्या कंप्यूटर और सूचना के माध्यम से हमें ज्ञान मिलेगा? हमारी सनातन संस्कृति में मानते हैं कि समय-समय पर ईश्वर अवतार जरूर लेते हैं। इसे गीता, श्रीरामचरित मानस ने भी माना है।

**पार्लियामेंट की तर्ज पर युवाओं ने वर्तमान समय के गंभीर मुद्दों पर साझा किए विचार**

# यूथ पार्लियामेंट में कंटेंट क्रिएटर्स की जवाबदेही पर हुआ मंथन, छिड़ी बहस

ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर किसी भी प्रोडक्ट का प्रचार कर उसे लोगों तक पहुंचा तो देते हैं, लेकिन यदि वही प्रोडक्ट हानिकारक साबित हो तो क्या कंटेंट बनाने वाला व्यक्ति जिम्मेदार होगा? इसी ज्वलंत विषय पर मैट्स लॉ स्कूल, मैट्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, फोरेंसिक विभाग और स्कूल ऑफ फार्मेसी की ओर से आरंग कैंपस में यूथ पार्लियामेंट 2026 सार्थक संवाद आवाज दो, आगाज दो का आयोजन किया गया।

रायपुर। इस विशेष चर्चा में कंटेंट क्रिएटर्स की जिम्मेदारियों को लेकर पक्ष और विपक्ष ने प्रखरता से अपनी बात रखी। युवाओं ने तर्क दिया कि जब कोई इन्फ्लुएंसर किसी प्रोडक्ट का प्रचार करता है तो बड़ी संख्या में लोग उनसे प्रभावित होकर उसे खरीदते हैं। ऐसे में उस व्यक्ति को प्रोडक्ट की पूरी जानकारी होनी चाहिए। यदि किसी के कहने पर प्रोडक्ट इस्तेमाल करने से किसी भी प्रकार की हानि होती है तो उस प्रमोटर की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। सदन में इस विषय को लेकर लगभग तीन से चार घंटे तक दोनों पक्षों में तीखी बहस और चर्चा हुई। पार्लियामेंट की तर्ज पर युवाओं ने अपनी सहभागिता दर्ज की और वर्तमान समय के इस गंभीर मुद्दे पर विचार साझा किए।



### गहन रिसर्च और तथ्यों के साथ पहुंचे छात्र



यूथ पार्लियामेंट में हिस्सा लेने वाले छात्र अपने-अपने विषयों पर गहन रिसर्च करके पहुंचे थे। उन्होंने हवा-हवाई बातों के बजाय ठोस तथ्यों और तर्कों के आधार पर अपनी बात रखी, जिससे विषय की गंभीरता और भी स्पष्ट हुई। इस आयोजन में एक तरफ विपक्ष तो दूसरी तरफ सरकार के मंत्रियों की भूमिका में छात्र नजर आए। जिस तरह देश की संसद में विधिवत और गरिमापूर्ण चर्चा होती है, ठीक उसी तर्ज पर यहां भी दोनों पक्षों ने अपने-अपने तर्कों की महत्ता साबित करने का भरपूर प्रयास किया। इस पूरे आयोजन और संसदीय कार्यवाही को लेकर छात्रों में भारी उत्साह देखने को मिला।



### ओवरऑल बेस्ट स्पीकर पूजा और अरिनाय

यूथ पार्लियामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिसमें ओवरऑल बेस्ट स्पीकर पूजा ठाकुर और अरिनाय सोलोमन रहे। इसके अलावा बेस्ट स्पीकर (पक्ष) कविता भारती और हिमानी यादव, बेस्ट स्पीकर (विपक्ष) विशाल कमलेश और अपूर्व विरुरेजा, बेस्ट रिसर्चर में नेहा ठाकुर और निकिता शाह तथा ऑनरेबल मेंशनः पेशेंस उस्मा को मिला। इस आयोजन में फैकल्टी में लॉ विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार, पंकज ठाकुर, श्रेया उर्मालिया आदि उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने के पीछे छात्र समन्वयक रिद्धिका द्विवेदी व ऋषि कुमार का विशेष सहयोग रहा। दोनों छात्र समन्वयकों ने फैकल्टी के साथ मिलकर कार्यक्रम आयोजित किया।

**सिटी लाइव**

## साउथ एशिया ट्रैवल एंड टूरिज्म एग्जिबिशन में छाया छग का पर्यटन



रायपुर। छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए नई दिल्ली स्थित यशोभूमि में आयोजित साउथ एशिया ट्रैवल एंड टूरिज्म एग्जिबिशन 2026 में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की। 25 से 27 फरवरी तक आयोजित इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा स्थापित भव्य पवेलियन आकर्षण का केंद्र रहा, जहां राज्य के प्राकृतिक वैभव, जनजातीय संस्कृति, आध्यात्मिक धरोहर, वन्यजीव पर्यटन और एडवेंचर गतिविधियों का प्रभावी प्रदर्शन किया गया। तीन दिवसीय इस आयोजन में पर्यटन मंडल के साथ पंजीकृत 36 स्टेकहोल्डर्स संस्थाओं ने संयुक्त रूप से भाग लेकर राज्य की पर्यटन संभावनाओं को देश-विदेश के टूर ऑपरेटर्स, होटलियर्स और ट्रैवल विशेषज्ञों के समक्ष पेश किया। बस्तर की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, इको-टूरिज्म मॉडल, जलप्रपातों और घने वनों से आच्छादित प्राकृतिक स्थलों की प्रस्तुति ने विशेष सराहना प्राप्त की। पवेलियन पर लगातार विभिन्न राज्यों एवं श्रीलंका, नेपाल और भूटान सहित अन्य देशों से आए प्रतिनिधियों की आवाजाही बनी रही।

### कई संभावित साझेदारियों पर प्रारंभिक चर्चा भी

प्रदर्शनी के दौरान स्टेकहोल्डर्स को सकारात्मक व्यावसायिक प्रतिसाद प्राप्त हुआ तथा कई संभावित साझेदारियों पर प्रारंभिक चर्चा भी हुई। पर्यटन विशेषज्ञों ने छत्तीसगढ़ को 'इमर्जिंग डेस्टिनेशन' के रूप में रेखांकित करते हुए इसकी अप्रयुक्त संभावनाओं की सराहना की। राज्य में हाल के वर्षों में विकसित हो रहे इको-रिसॉर्ट्स, हेरिटेज प्रॉपर्टीज, जनजातीय पर्यटन सर्किट और फिल्म पर्यटन गतिविधियों ने भी आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर छत्तीसगढ़ की सशक्त उपस्थिति राज्य के पर्यटन भविष्य के लिए अत्यंत शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, प्राकृतिक विविधता और आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाना हमारा संकल्प है। साउथ एशिया ट्रैवल एंड टूरिज्म एग्जिबिशन जैसे मंच राज्य को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नेटवर्क से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## 64 बटुकों का सामूहिक जनेऊ संस्कार कराने सजाया मंडप

रायपुर। छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज की पहल पर विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा आयोजित 32वें जनेऊ संस्कार समारोह में शुक्रवार को 64 छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण बटुकों का उपनयन संस्कार हुआ। वैदिक रीति-रिवाज से कराए गए आयोजन के चलते दिनभर हर्षोल्लास का माहौल रहा। विप्र भवन में सुबह 6 बजे से आचार्य ओमप्रकाश तिवारी के दिशा-निर्देशन में मुंडन, हल्दी सहित सभी रीति रिवाज बटुकों और उनके परिवारों के लिए अविस्मरणीय बना। मुख्य यजमान विनय तिवारी एवं संध्या तिवारी सहित अष्टबंध ब्राह्मण नरेंद्र तिवारी, सुरेंद्र शुक्ला, राजेंद्र तिवारी, हरीश शर्मा, अवधेश दुबे, सुरेंद्र दीवान और नटराज शर्मा ने सभी बटुकों को आशीर्वाद देते हुए जीवन में उपनयन संस्कार के महत्व को बताया।



### समाज के साथ शामिल हुए बटुकों के परिजन

विप्र भवन में उपनयन संस्कार के बाद बटुकों और उनके परिजनों सहित छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने बैंड-बाजे की धुन के बीच खुशी के साथ नाचते-गाते हुए ब्राह्मणपारा, सोहागा मंदिर पहुंचकर भगवान मुरली मनोहर और राधारानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी युवा विकास संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, सुरेंद्र दीवान, संजय दीवान, भूपेंद्र शर्मा, मिश्रीलाल पांडेय, व्यास नारायण शुक्ला एवं विप्र शक्ति महिला मंडल की सदस्य विभा तिवारी, कुसुम शर्मा, रत्ना मिश्रा, सुषमा तिवारी, प्रीति शुक्ला और सरिता शर्मा सहित छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण के समाज के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

## संतों के सानिध्य में गो सेवकों को कार्यशाला में देंगे प्रशिक्षण

रायपुर। गो सम्मान आव्हान अभियान छत्तीसगढ़ सहित संपूर्ण भारत में गोसेवा, गो सुरक्षा एवं गोमाता को सम्मान दिलाने के उद्देश्य से संत-महात्माओं के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से चलाया जा रहा है। इसे जनजागरण अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। अभियान को देश में छह चरणों में संचालित किया जाएगा। प्रथम चरण में 27 अप्रैल को देश की 5410 तहसीलों में एक साथ प्रार्थना पत्र सौंपे जाएंगे और देशभर में "गो सम्मान दिवस" मनाया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान भारत महाराज, प्रवीण शर्मा, गुरमीत सिंह, फूलचंद एवं कथावाचक दया किशोरी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश के गो प्रचारकों एवं सहयोगियों के लिए 2 मार्च को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी।



### गो-उत्पाद प्रशिक्षण शिविर भी

*यह कार्यशाला हे गो मां दुर्गा मंदिर खमतराई थाने के पास की जाएगी। सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होने वाली इस कार्यशाला का उद्देश्य समाज में गोमाता के प्रति सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान की भावना को सुदृढ़ करना है। अभियान को प्रदेश में संगठित रूप से विस्तार देना है। इसमें बताया जाएगा कि अलग-अलग चरण में होने वाले आयोजन को किस तरह से आगे बढ़ाना है। किस तरह से इस अभियान से लोगों को जोड़ते हुए द्वितीय चरण में 27 जुलाई 2026 को देश के 790 जिलों में पुनः स्मरण स्वरूप पीएम नरेंद्र मोदी के नाम प्रार्थना पत्र सौंपे जाएंगे। प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान गो आधारित स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए निशुल्क पंचगव्य एवं गो उत्पाद प्रशिक्षण शिविर भी लगाया जाएगा।*

## वैल्यू एडिशन, डाउन स्ट्रीम उद्योगों एवं फिनिश्ड प्रोडक्ट निर्माण से बनेगा विकसित राज्य



रायपुर। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में दो दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। आयोजन विकसित भारत एवं सतत विकास अवसर और चुनौतियां विषय पर संस्थान के स्कूल ऑफ स्टडी इन इकानॉमिक्स विभाग में आयोजित हुआ। विकसित भारत एवं सतत विकास अवसर और चुनौतियां विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि संभागायुक्त महादेव कावरे ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समावेशी, सतत एवं क्षेत्रीय संतुलित विकास आवश्यक है, विशेष रूप से पिछड़े और आदिवासी क्षेत्रों पर केंद्रित प्रयासों के साथ। उन्होंने अवसंरचना विकास, कौशल उन्नयन व सामुदायिक सहभागिता को अविकसित क्षेत्रों को विकास के केंद्र में परिवर्तित करने के प्रमुख स्तंभ बताए। पूर्व कलेक्टर जशपुर के रूप में अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में चाय बागानों के प्रोत्साहन से स्थानीय चाय उत्पादकों एवं लघु किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिससे सतत आजीविका के अवसर सृजित हुए और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई। संगोष्ठी के तकनीकी सत्र की शुरुआत डॉ. अश्विनी महाजन के वक्तव्य से हुई। उन्होंने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य का विश्लेषण करते हुए कहा कि कुछ विकसित राष्ट्र एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थान उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बनाने का प्रयास करते हैं, किंतु भारत तकनीकी क्षमता और आर्थिक आत्मनिर्भरता के आधार पर सशक्त रूप से आगे बढ़ रहा है।




### ज्ञान-विज्ञान, व्यापार और संस्कृति का केंद्र


कार्यक्रम की अध्यक्षता रविवि के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्ष-2047 का लक्ष्य भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाना है। आज भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्था में शामिल है। प्राचीन भारत ज्ञान-विज्ञान, व्यापार और संस्कृति का केंद्र था। उन्होंने विकसित भारत में युवाओं और शैक्षिक संस्थानों के महत्व को रेखांकित किया।

### आर्थिक विकास और रोजगार सृजन सुनिश्चित हो

प्रोफेसर केबी दास ने झारखंड, ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ जैसे खनिज-समृद्ध राज्यों की खनन-आधारित औद्योगिक संरचना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि केवल कच्चे खनिजों के उत्खनन एवं निर्यात पर आधारित विकास मॉडल दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ नहीं है। उन्होंने वैल्यू एडिशन, डाउनस्ट्रीम उद्योगों व फिनिश्ड प्रोडक्ट निर्माण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे स्थायी आर्थिक विकास और रोजगार सृजन सुनिश्चित हो सके।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 108 शक्तियों का सम्मान कल

रायपुर। सामाजिक संस्था लाहोटी मित्र मंडल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर 1 मार्च को शाम 4 बजे सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में महिला सम्मान समारोह आयोजित किया है। इस दौरान 108 महिला शक्तियों एवं 51 सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। संस्था के संस्थापक लक्ष्मीनारायण लाहोटी एवं मीडिया प्रभारी चेतन चंदेल ने बताया कि समारोह में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से विविध क्षेत्रों, जैसे खेल, कला, संगीत, साहित्य, चिकित्सा, शिक्षा, समाजोत्थान और उत्कृष्ट कार्य करने वाले नारी शक्तियों व संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा। प्रत्येक महिलाओं को 18-18 विभिन्न सामग्री उपहार स्वरूप भेंट दी जाएगी। कार्यक्रम में बतौर अतिथि राजश्री देवांगन, वंदना पांडे, दीपिका वैष्णव सहित जीत देवांगन, धर्मेंद्र दुर्घा, राजेश बरलोटा, हीरानंद दुल्हनी व राजेश सिंह मौजूद रहेंगे। वहीं कार्यक्रम के विशेष सहयोगी अजंता चौधरी, अन्नपूर्णा शर्मा, खुशबू शर्मा, रिया तिवारी, अनीता हेतल चौहान, रितु गुप्ता, सुचित्रा वर्धन, छबिलाल सोनी, जेएस ठाकुर, मनोज पांडे एवं महेश असपालिया की उपस्थिति रहेगी। संस्था द्वारा पिछले 12 वर्षों में प्रत्येक विश्व महिला दिवस पर अभी तक कुल 1296 महिलाओं को सम्मानित किया जा चुका है।













## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप में शुभम के 161 रन



भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेटर संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के मैच विभिन्न शहरों में हुए। दूसरे दिन दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में हुए मैच में जांजगीर चांपा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए टीम बीएसपी ने पहली पारी में तीन विकेट पर 317 रन से आगे खेलते हुए 9 विकेट पर 533 रन बनाकर पारी घोषित की। शुभम मौर्य ने 161 रन, नितांत सिंह ने 110 रन, संगीत सोनी ने 80 रन, पियूष पिल्लै ने 50 रन और कार्तिक नायडू ने 40 रन बनाए। गेंदबाजी में जांजगीर चांपा के शाबान खान ने चार विकेट, मोहम्मद शाहनवाज ने तीन विकेट और लवयम राजपूत एवं एस जायसवाल ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में जांजगीर चांपा ने पहली पारी में 4 विकेट पर 111 रन बनाए। सुधांशु तिवारी ने नॉट आउट 24 रन, पी वर्मा ने 25 रन और संजीव सिंह ने 22 रन बनाए। गेंदबाजी में बीएसपी के जीवेश भुट्टे एवं भविष्य थपियाल ने दो-दो विकेट लिए। न्यू ग्राउंड कांकेर में हुए मैच में टीम बिलासपुर ब्लू के विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) टीम बल्लेबाजी में पहली पारी चार विकेट पर 118 रन से आगे खेलते हुए 181 रन बनाकर आउट हो गई। अंबरीश सिंह ने 66 रन और शुभम सिंह ने 25 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर ब्लू के दीपक बघेल एवं स्नेहल चड्ढा ने तीन-तीन विकेट लिए। धनंजय नायक एवं रवि रोशन सिंह ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में बिलासपुर ब्लू ने दूसरी पारी सात विकेट पर 166 रन बनाए। नयन चौहान ने 53 रन और आदित्य बेडवाल ने 23 रन बनाए। गेंदबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के चिनमय विश्वकर्मा ने तीन विकेट और आनंद राव ने दो विकेट लिए।

बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम बिलासपुर के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए प्लेट कंबाइंड पहली पारी में चार विकेट पर 59 रन से आगे खेलते हुए 283 रन बनाकर आउट हो गई। श्रेयम सुंदरम ने 105 रन, यश कुमार वरडा ने 100 रन एवं श्रेयांश सिंह ने 25 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर के इम्तियाज़ खान ने 3 विकेट और मोहित रावत ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में बिलासपुर ने दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 23 रन और अभिजीत टाह ने नॉट आउट 14 रन बनाए। गेंदबाजी में प्लेट कंबाइन के अब्दुल अनस खान एवं ओम कोसले ने एक-एक विकेट लिए। आरडीसीए रायपुर में हुए मैच में टीम राजनांदगांव के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए सरगुजा ने पहली पारी में दो विकेट पर 92 रन से आगे खेलते हुए सात विकेट पर 432 रन बनाए। कृष चोपड़ा ने 151 रन, आशुतोष सिंह ने 67 रन, हर्ष दुबे ने 63 रन और अंसराज आर्य ने 53 रन बनाए। गेंदबाजी में राजनांदगांव के अरिन द्विवेदी ने चार विकेट और रोहन टांक ने दो विकेट लिए।

### महिला अंडर-23 में ओडिशा की जीत



भिलाई। महिला अंडर-23 एक्स्पोज़र मैच के तीन मैच की एक दिवसीय सीरीज का इस्पात नगरी भिलाई में शुक्रवार को समापन हुआ। तीसरे एवं अंतिम मैच में ओडिशा ने छत्तीसगढ़ को 36 रन से पराजित किया। बल्लेबाजी में ओडिशा ने सात विकेट पर 250 रन बनाए। इनमें अनन्या मिश्रा ने 57 रन, शुचिस्मिता ने 33 रन, पूजा दास ने 29 रन, दिव्या रावत रे ने 27 रन, ए बिस्वाल ने 26 रन, मिताली शर्मा ने 25 रन और अलकनंदा ने नॉट आउट 21 रन बनाए। गेंदबाजी में छत्तीसगढ़ की ऋषिका श्रीवास्तव ने 4 विकेट, साक्षी शुक्ला ने दो विकेट और ममता भगत ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी छत्तीसगढ़ टीम 214 रन पर आउट हुई। मिताली शर्मा ने 70 रन, मानसी मौर्य ने 63 रन और सेजल वर्मा ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी में ओडिशा के शारदा महानंद, ज्योति प्रसाद एवं मिताली शर्मा ने दो-दो विकेट लिए।

### खेल दिवस में हुए रोमांचक मुकाबले



जामुल। डॉ. मनराखनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय, जामुल में खेल दिवस का आयोजन 18 एवं 19 फरवरी को उत्साह, ऊर्जा एवं खेल भावना के साथ किया गया। प्राचार्य डॉ आर. एस. सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादाई होगा । खेल दिवस के अंतर्गत 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, रस्साकशी, क्रिकेट, अन्य इंडोर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश एवं अनुशासन के साथ भाग लिया।

जानिए हार्टबर्न के लक्षण से लेकर बचाव तक सबकुछ

# 'सीने में जलन' बन रही सबसे बड़ी चुनौती युवाओं में लगातार बढ़ रहे हार्टबर्न के मामले

हार्टबर्न एक बहुत आम समस्या होती जा रही है। जिसमें सीने में जलन की दिक्कत होती है। इस बीमारी के नाम में ड्डहार्टड्ड होने के बावजूद यह दिल की बीमारी से संबंधित नहीं है। हृदय रोग की समस्याएं दुनियाभर में तेजी से बढ़ती जा रही हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी आयु वाले इसका शिकार हो रहे हैं। हृदय रोग दुनियाभर में मृत्यु का प्रमुख कारण भी हैं, यही वजह है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह देते हैं।

हार्ट अटैक-हार्ट फेलियर और कार्डियक अरेस्ट जैसी हृदय से संबंधित समस्याओं के बारे में आपने जरूर सुना होगा, पर क्या आप हार्ट बर्न के बारे में जानते हैं? जैसा कि इसके नाम से लगता है कि ये समस्या हार्ट से संबंधित हो सकती है, तो क्या ये हृदय की ही समस्या है या फिर कुछ और?



### हार्टबर्न के बारे में जानना जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हार्टबर्न एक बहुत कॉमन समस्या है, जिसमें आपके सीने में जलन की दिक्कत होती है। इस बीमारी के नाम में ड्डहार्टड्ड होने के बावजूद यह दिल की बीमारी से संबंधित नहीं है। यह समस्या मुख्य रूप से पाचन तंत्र की दिक्कत है, जिसमें पेट में बनने वाले एसिड के कारण आपको सीने में जलन की दिक्कत हो सकती है।

हार्टबर्न तब होता है जब भोजन को आपके पेट तक ले जाने वाली नली (ग्रासनली) में वापस एसिड आने लगता है। कुछ स्थितियों में हार्ट बर्न के कारण सीने में जलन के साथ दर्द की भी दिक्कत हो सकती है।

### सीने में जलन से कैसे पाएं निजात?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं वैसे तो कभी-कभी हार्टबर्न होना आम है और चिंता की कोई बात नहीं है। अधिकतर मामलों में जीवनशैली और खानपान में बदलाव करके इससे आसानी से निजात पाया जा सकता है। हालांकि अगर आपको बार-बार हार्टबर्न होता है या इसके कारण आपकी दिनचर्या बाधित हो रही है तो इस बारे में डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें। ये कुछ स्थितियों में गंभीर रोगों का एक लक्षण भी हो सकता है।

### हार्टबर्न में क्या होता है?



हार्टबर्न का दिल की बीमारियों से कोई संबंध नहीं होता है। हालांकि, इसके लक्षण कई बार हार्ट अटैक से मिलते-जुलते हो सकते हैं, इसलिए इसे नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। यही कारण है कि इसके लक्षणों की पहचान करना जरूर है। हार्टबर्न की स्थिति में सीने में जलन या दर्द होना (खासकर भोजन के बाद या लेटने पर) सबसे आम है। इसके अलावा मुंह में खट्टा या कड़वा स्वाद आने, पेट में भारीपन महसूस होने या पाचन की कई अन्य दिक्कतें भी हो सकती हैं।

### हार्ट बर्न होने के क्या कारण हैं और इससे कैसे बचाव करें?



हार्ट बर्न होने की कई वजहें हो सकती हैं। अगर आप ज्यादा तला-भुना या मसालेदार खाना खाते हैं, चाय-कॉफी या शराब का अधिक सेवन करते हैं, खाना खाने के तुरंत लेट जाते हैं तो ये स्थितियां हार्ट बर्न का कारण हो सकती हैं। इसके अलावा मोटापा के शिकार, धूम्रपान की आदत या फिर देर रात भोजन करने की आदत भी हार्ट बर्न की दिक्कत बढ़ा सकती है। हार्टबर्न से बचाव के लिए कुछ उपाय किए जा सकते हैं। हल्का, कम मसालेदार और कम तैलीय भोजन करें। रात को सोने से कम से कम 2-3 घंटे पहले भोजन करें ज्यादा खट्टे और कैफीनयुक्त खान-पान की चीजों से बचें। रोजाना व्यायाम करने और वजन को कंट्रोल रखने की आदत से भी इसमें लाभ हो सकता है। सौंफ चबाना, ठंडा दूध पीना, अदरक की चाय या एलोवेरा जूस के सेवन से भी लाभ पाया जा सकता है।

# घर के पास मंदिर पर जानिए वास्तु का आधार



आपके घर का वातावरण सकारात्मक बनाए रखने के लिए कई कारक जिम्मेदार होते हैं। यदि आप वास्तु के नियमों का पालन करते हैं तो घर में सदैव सौहार्द्र बना रहता है। आइए जानें यदि आपके घर के पास मंदिर मौजूद है तो वास्तु के अनुसार इसका क्या महत्व होता है।

### घर के पास मंदिर होने के फायदे

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के पास मंदिर होने से घर पर सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है, जिससे परिवार में शांति और समृद्धि आती है। मंदिर से होने वाले नियमित मंत्रोच्चार, आरती और भजन आपके घर के वातावरण को पवित्र बनाते हैं और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करते हैं।

### सकारात्मक ऊर्जा का संचार

मंदिरों में नियमित रूप से पूजा-पाठ, मंत्रोच्चार और आरती होती है, जिससे वहां के आस-पास का वातावरण सकारात्मक बना रहता है। यदि आपके घर के पास मंदिर है, तो वहां की पवित्रता और आध्यात्मिक शक्ति घर के सदस्यों पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। मंदिर की ऊर्जा घर में रहने वाले लोगों को भी प्रभावित करती है और उनकी मानसिक स्थिति अच्छी बनी रहती है।

### घर के पास मंदिर होने से मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति

यदि आपका घर मंदिर के पास है तो ऐसे स्थान पर रहने से व्यक्ति की धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ती है और ध्यान व प्रार्थना के लिए एक पवित्र वातावरण प्राप्त प्राप्त होता है। इससे आपके जीवन में मानसिक शांति बनी रहती है और आध्यात्मिक उन्नति भी होती है।

### नकारात्मक शक्तियों से रक्षा

वास्तु शास्त्र के अनुसार, मंदिरों में नियमित रूप से घंटों की ध्वनि गूंजती है और हवन व यज्ञ होते हैं, जो नकारात्मक शक्तियों और बुरी ऊर्जा को दूर करने में सहायक होते हैं। इस कारण घर के आस-पास मंदिर होना शुभ माना जाता है। जब आपका घर मंदिर के निकट होता है तो इन भजन-कीर्तन और हवन का सुवधा प्रभाव आपके जीवन पर पड़ता है और तन और मन शुद्ध बना रहता है।

### सामाजिक और सांस्कृतिक जुड़ाव

मंदिर सिर्फ पूजा-अर्चना का स्थान नहीं होता है बल्कि यह धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों का भी केंद्र होता है। मंदिर के पास घर होने से व्यक्ति सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहता है और अपने समुदाय से गहरा जुड़ाव महसूस करता है। धार्मिक उत्सवों, सत्संग और अन्य आयोजनों में भाग लेकर आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि मिलती है। यह न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि सामाजिक सहयोग और मेल-जोल को भी बढ़ावा देता है।

# झटपट बनाएं आलू के चिप्स



अगर आप भी घर पर झटपट और कुरकुरे आलू के चिप्स बनाना चाहते हैं, तो आपको इसका सही तरीका जानना चाहिए। सबसे पहले आलू को अच्छी तरह धोकर छील लें। अब स्लाइसर या तेज चाकू की मदद से आलू को पतले-पतले गोल स्लाइस में काट लें। ध्यान रखें कि स्लाइस जितने पतले होंगे, चिप्स उतने ही कुरकुरे बनेंगे। कटे हुए आलू को ठंडे पानी में 10–15 मिनट के लिए भिगो दें। इससे अतिरिक्त स्टार्च निकल जाता है और चिप्स ज्यादा क्रिस्पी बनते हैं। इसके बाद आलू के स्लाइस को कपड़े से अच्छी तरह सुखा लें। कढ़ाई में तेल गरम करें। जब तेल मध्यम गरम हो जाए तो उसमें आलू के स्लाइस थोड़ी-थोड़ी मात्रा में डालें। गैस को मध्यम आंच पर रखें और चिप्स को गोल्डन ब्राउन होने तक तलें। तले हुए चिप्स को टिश्यू पेपर पर निकाल लें ताकि अतिरिक्त तेल निकल जाए। ऊपर से नमक, लाल मिर्च पाउडर या चाट मसाला छिड़कें। आपके कुरकुरे इंस्टेंट आलू चिप्स तैयार हैं। इन्हें एयरटाइट डिब्बे में स्टोर भी किया जा सकता है।



# बच्चों की ग्रोथ के लिए जरूर कराएं कुछ खास एक्टिविटी

बच्चों की ग्रोथ के लिए आपको कुछ खास एक्टिविटी को उनकी लाइफस्टाइल में एड करना जरूर है। इन दिनों बच्चों की परीक्षाओं का मौसम है इसलिए पढ़ाई-लिखाई तो जरूरी है ही, इसके अलावा छोटे बच्चों को कुछ खास एक्टिविटी करवाते रहना चाहिए। अगर आप अपने बच्चे की ग्रोथ के लिए कुछ खास करना चाहती हैं तो हम आपको बताएंगे कि आप उन्हें कौन- कौन सी एक्टिविटी करवा सकती हैं। इससे उनका मानसिक और शारीरिक विकास काफी अच्छा होगा।

### एक्टिंग सिखाएं

अगर उन्हें एक्टिंग का शोक है तो आपको बचपन से ही



उन्हें एक्टिंग सीखना चाहिए। ऐसे में आपके बच्चे बड़े होकर इस छेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। बच्चों को हमेशा उनकी रुचि के हिसाब से ही एक्टिविटी करवाना चाहिए।

### कराटे सिखाएं

बच्चों को खुद की सुरक्षा करना आना चाहिए। अगर आप अपने बच्चों को मजबूत बनाना चाहती हैं तो आपको अपने बच्चों को कराटे जरूर सीखाना चाहिए। खासकर लड़कों को कराटे करने का काफी शौक होता है। ऐसे में आपको उन्हें कराटे की क्लास के लिए भेजना चाहिए।

### पेंटिंग क्लास

आप अपने छोटे बच्चों को पेंटिंग की क्लास के लिए भी भेज सकती हैं। लड़कियों को पेंटिंग करने का शोक होता है। अगर वह बचपन से ही इन चीजों की क्लास करती हैं तो वह बड़े होकर अपना करियर भी इस फिल्ड में बना सकती हैं। इसलिए अगर आपके बच्चों को पेंटिंग करना पसंद है तो उन्हें क्लास के लिए जरूर भेजे।

### स्केटिंग क्लास

स्केटिंग क्लास आप अपने बच्चों को करवा सकती है। छोटे बच्चे किसी भी चीज को आसानी से सीख लेते हैं। ऐसे में उन्हें आदत हो जाती है। ऐसे में आपको अपने बच्चों को स्केटिंग क्लास के लिए जरूर भेजना चाहिए।



कार्नर न्यूज

भोजन को लेकर कई मिथक इन दिनों चर्चा में

# रात में भोजन नहीं करना माना जाता है स्वास्थ्यप्रद जानिए इससे जुड़े कुछ मिथक और उनकी सच्चाई

फिटनेस इंडस्ट्री में ऐसे कई मिथक फैले हुए हैं, जिन पर लोग आंख बंद करके विश्वास कर लेते हैं। लेकिन इन मिथकों को कई रिसर्च अपने डेटा से नकारते हैं। सबसे पॉपुलर मिथक यह था, कि व्हे प्रोटीन के सेवन से किडनी खराब हो जाती हैं। साइंस ने इस मिथक को नकारा और कहा कि यह झूठ है। हां अगर आप प्रोटीन की जरूरत से अधिक मात्रा लंबे समय तक लेते हैं, तो किडनी पर असर देखने मिल सकता है। न्यूट्रिशन के बारे में भी भारत में कई मिथक फैले हुए हैं। जैसे, सप्लीमेंट से फैट बर्न और मसल्स गेन होता है, रात 8 बजे के बाद कार्बोहाइड्रेट न खाएं,फैट खाने से आप मोटे होते हैं आदि। वहीं वजन कम करने के लेकर भी फिटनेस इंडस्ट्री में कई मिथक फैले हुए हैं।

वहीं, काफी सारे लोग रात में खाना खाने/डिनर को लेकर भी कई मिथकों पर विश्वास करते हैं। सबसे पॉपुलर मिथक यह है कि वजन कम करने के लिए रात का खाना नहीं खाना चाहिए। लेकिन यह सिर्फ एक मिथक मात्र है। अगर आप भी डिनर से संबंधित मिथकों को सच मानते हैं, तो नीचे उनकी सच्चाई भी जान लीजिए



### रात में खाना खाने से वजन कम नहीं होता

जनवरी 2021 में पोषक तत्व अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों ने रात का खाना छोड़ दिया था उनका वजन कम होने की जगह बढ़ गया था। उनकी अपेक्षा जिन लोगों ने हल्की मील ली थी, उनका वजन कम हुआ था। इसका मतलब यह है, कि रात का खाना छोड़ने से वजन कम नहीं होता; बल्कि बढ़ सकता है। आपका वजन रात में खाने से नहीं, बल्कि अधिक कैलोरी खाने और गलत खाना खाने से बढ़ता है। इसलिए हमेशा अपनी ओवरऑल कैलोरी इंटेक पर ध्यान दें। क्योंकि आप सोचिए कुछ लोग 5 मील में 1500 कैलोरी लेते हैं तो कुछ 2 मील में भी 1500 कैलोरी लेते हैं। साइंस भी इस बात को नहीं मानता कि रात में खाना खाने से वजन बढ़ता है। हां कुछ तथ्य इस बात को जरूर सच मानते हैं कि जल्दी खाना खाने से डाइजेस्ट सही होता है और मेटाबॉलिज्म भी बढ़ सकता है।

### रात में कार्बोहाइड्रेट नहीं खाना चाहिए

जिम में कुछ कोच लोगों को रात में कार्बोहाइड्रेट न खाने की सलाह देते हैं। उनका मानना होता है, उससे शरीर में फैट बढ़ सकता है।

लेकिन इस बात की सच्चाई यह है कि जब आप कोई बाहर काम कर रहे होते हैं, तो आपको अपनी एनर्जी को पूरा करने के लिए कार्बोहाइड्रेट की जरूरत होती है। इस एनर्जी के लिए रोटी, ओट्स, चावल आदि का सेवन करते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'एफ 1' के सीक्वल को लेकर निर्देशक ने दिया बड़ा अपडेट, ट्रैक पर फिर दौड़ेगी ब्रैड पिट की रेसिंग कार



पिछले साल हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' रिलीज हुई थी। इस फिल्म के सीक्वल का अब फैंस इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म के प्रोड्यूसर से इस बात से पर्दा उठाया कि 'एफ 1' का सीक्वल बनेगा या नहीं? भारत में हॉलीवुड फिल्मों का भी अच्छा-खासा बाजार है। पिछले साल हॉलीवुड के नामी एक्टर टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' और ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' रिलीज हुई। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' ने पिछले साल अच्छा-खासा कलेक्शन किया था। अब दुनिया भर के दर्शकों के अलावा भारतीय दर्शकों को इस फिल्म के सीक्वल का इंतजार है। हाल ही में इस बारे में एक नया अपडेट सामने आया है।

हाल ही में फिल्म 'एफ 1' के प्रोड्यूसर जैरी ब्रुकहाइमर ने बीबीसी से की गई बातचीत में कहा, 'हम एक सीक्वल पर काम कर रहे हैं।' प्रोड्यूसर का बस इतना कहना था और सोशल मीडिया पर यह अटकलें तेज हो गईं कि ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' का सीक्वल बनेगा। लेकिन इसकी कहानी पहली फिल्म से आगे बढ़ेगी या अलग होगी, इस बारे में मेकर्स ने कोई जानकारी साझा नहीं की है। फिल्म 'एफ1' की एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, इसमें ब्रैड पिट ने एक रेसर (रेसिंग ड्राइवर) के रोल में हैं। जो तीस साल के बाद फॉर्मूला वन रेसिंग में वापस आता है। वह अपने एक साथी की टीम को टूटने से बचाने के लिए यह फैसला लेता है। फिल्म में रेसिंग सीन कमाल के हैं। जो लोग रेसिंग या रेस ड्राइविंग को पसंद करते हैं, उनके लिए यह फिल्म एक शानदार एक्सपीरियंस है। सीक्वल में भी ऐसा ही अनुभव फैंस को मिल सकता है।

### टॉलीवुड

## अल्लू अर्जुन के भाई की शादी की तैयारी सोशल मीडिया पर शेयर की वेडिंग डेट



साउथ के चर्चित एक्टर्स विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना शादी के बंधन में बंध गए हैं। वहीं साउथ फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के भाई अल्लू शिरीष ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की तारीख साझा की है। अल्लू अर्जुन के घर भी जल्द शादी की शहनाई बजेगी, उनका छोटा भाई अल्लू शिरीष दूल्हा बनेगा। गुरुवार को एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा करते हुए अल्लू शिरीष ने बताया कि वह कब अपनी मंगेतर नयनिका से शादी करने वाले हैं। वह अगले महीने शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। अल्लू अर्जुन के भाई, अभिनेता अल्लू सिरीश अपनी मंगेतर नयनिका रेड्डी के साथ 6 मार्चको शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। हैदराबाद में शादी की रस्में शुरू हो चुकी हैं, जिसमें दुबई में यॉट पार्टी, ट्रेडिशनल पसुपु (हल्दी) समारोह और अल्लू अर्जुन द्वारा होस्ट की गई भव्य कॉकटेल पार्टी शामिल है। अल्लू सिरीश ने अपनी शादी का पहला निमंत्रण अपने फूफा चिरंजीवी और बुआ सुरेखा को दिया। अल्लू अर्जुन और स्नेहा रेड्डी ने हैदराबाद में परिवार और दोस्तों के लिए एक वाइल्डलाइफ-थीम वाली प्री-वेडिंग पार्टी होस्ट की। शादी की रस्मों की शुरुआत 'पसुपु' सेरेमनी के साथ हुई, जिसमें परिवार के करीबी लोग शामिल हुए। अल्लू अर्जुन की शादी भी 6 मार्च, 2011 को हुई थी, और अब उनके छोटे भाई भी उसी दिन शादी कर रहे हैं। शादी का समारोह पारंपरिक तेलुगु रीति-रिवाजों के अनुसार आयोजित किया जाएगा, जिसमें परिवार और इंडस्ट्री के दिग्गज शामिल होंगे।

### भोजपुरी

## माही और खुशी के 'रंगदार बाटे हो' को मिला फैंस का भरपूर प्यार



माही श्रीवास्तव एक नए लोकगीत 'रंगदार बाटे हो' में रंगदारी का स्वाद दिखाते हुए फुल टू धमाल और मस्ती के साथ नजर आ रही हैं। भोजपुरी सिने जगत की बेस्ट एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव हमेशा वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी से एक से बढ़कर एक हिट गाने देती रहती हैं और करोड़ों दिलों पर राज कर रही हैं। ऐसे में माही श्रीवास्तव एक नए लोकगीत 'रंगदार बाटे हो' में रंगदारी का स्वाद दिखाते हुए फुल टू धमाल और मस्ती के साथ नजर आ रही हैं। इसके साथ ही साथ वो नारी शक्ति का जौहर भी दिख रही हैं। इस गाने को अपनी मधुर आवाज में पॉपुलर सिंगर खुशी कक्कड़ ने गाया है। यह गाना बहुत ही मधुर और कर्णप्रिय बनाया गया है। इस गीत को देखकर लोगों का मानना है कि ये लोकगीत काफी वायरल होने वाला है। यह वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी म्यूजिक कंपनी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने का वीडियो सॉन्ग काफी अलग हटकर बनाया गया है। इसका फिल्मांकन देखते ही बन रहा है।

### लाइफ स्टाइल



## विविधता के रंग

मिलान में हुए स्प्रिंग-समर 2026 मेन्सवियर शो में कलेक्शन आम तौर पर मिले-जुले थे। लेकिन एक बात पर कई डिज़ाइनर सहमत थे कि इनमें विविधता की ज़रूरत है। प्राडा की को-क्रिएटिव डायरेक्टर मिउकिया प्राडा ने शो के बाद कहा, ''हमारे लिए सबसे ज़रूरी बात टोन में बदलाव था। इटैलियन एंटरप्रेन्योर ब्रुनेलो कुसिनेली ने भी यही बात कही। उन्होंने अपने प्रेजेंटेशन में इस बात की वकालत की कि मेंस वियर में अब नए रंगों की दुनिया पर जोर देना होगा।

## त्वचा में हो रही है नमी की कमी तो दही का फेसपैक लगाएं

हर भारतीय घर में दही का इस्तेमाल खाने में किया जाता है। दही खाने से शरीर की कई तरह की परेशानियां दूर होती हैं। इसके अलावा दही खाने के स्वाद को कई गुना बढ़ा देता है। खाने के साथ-साथ दही का इस्तेमाल स्किन केयर में भी किया जाता है। दही के इस्तेमाल से त्वचा पर जो नमी की कमी होती है, वो दूर हो सकती है। इसके साथ ही दही में लैक्टिक एसिड पाया जाता है, जो स्किन पर होने वाली झुर्रियों को भी कम करता है। हम आपको दही के इस्तेमाल से होने वाले फायदे बताने जा रहे हैं। क्या आप जानते हैं कि दही का इस्तेमाल आप कई तरीके से कर सकते हैं। बहुत से लोगों को इसका इस्तेमाल करना नहीं पता है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि दही को किन चीजों में मिलाकर आप चेहरे पर लगा सकते हैं, ताकि आपकी त्वचा दमकती रहे और त्वचा पर नमी बरकरार रहे।

### दही और बेसन

एक चम्मच दही में एक चम्मच ही बेसन मिलाकर आप इस पेस्ट को 15 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगाएं। इससे आपके चेहरे पर चमक आएगी और त्वचा में हो रही नमी की कमी दूर होगी।

### दही और चावल का आटा

इस फेस मास्क को बनाने के लिए एक चम्मच चावल के आटे में एक चम्मच भरकर दही मिला लें। इस पेस्ट को भी आप 15 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगा लें और छोड़ दें। कुछ समय बाद इस पैक को हल्के हाथ से मसाज करते हुए छुड़ा लें।



### दही और तुलसी

7 से 10 तुलसी के पत्ते पीसकर उसमें दही मिलाएं। गाढ़ा पेस्ट बनाकर इसे 15 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं। इसमें पाए जाने वाले एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण पिंपल्स और एक्ने का सफाया कर देते हैं।

### दही और हल्दी

दही और हल्दी दोनों ही ऐसी चीज हैं, जो त्वचा की चमक बरकरार रखने में मददगार हैं। इस पैक के इस्तेमाल से चेहरे की टैनिंग कम होती है।


### दही और शहद

शहद के इस्तेमाल से आप चेहरे पर होने वाली नमी की कमी को दूर कर सकते हैं। पैक को बनाने के लिए बराबर मात्रा में दोनों चीजें लें।

## स्लिम दिखना चाहती हैं तो कपड़ों का करें सही चुनाव







हर कोई दुबला-पतला और छरहरा दिखना चाहता है। इसके लिए घंटों जिम में पसीना बहाने से लेकर डाइट और न जाने क्या क्या मेहनत करनी पड़ती है। सबसे ज्यादा बुरा तब लगता है जब लड़कियां कुछ ऐसे कपड़े पहन लगती हैं जो उनके शरीर को अधिक मोटा या भद्दा लुक देता है। ऐसे में लड़कियों को ये पता होना चाहिए कि ऐसा क्या पहने जिसमें वह स्लिम ट्रिम दिखें। इस के अलावा अगर आपको कोई शादी पार्टी कुछ ही दिन में अटेंड करनी हो लेकिन आपके पास अपनी बॉडी को शेप देने का समय न हो तो क्या किया जाएं। फिक्र करने की कोई बात नहीं, आपके कपड़ो का सही सिलेक्शन ही आपके शरीर के अधिक चर्बी वाले भाग को इस कदर छिपा सकते हैं जिससे आप पतले और अधिक आकर्षक दिखेंगे। चलिए जानते हैं आपके बॉडी टाइप के हिसाब से क्या पहनें और क्या न पहने। पतले दिखने के लिए क्या पहने लड़कियां?

### बेली फैट हो तो न पहने ये कपड़े

-अगर आपके पेट पर अधिक चर्बी हो यानी आपका टमी बाहर दिखता हो तो साड़ी या लहंगे में आपका बेली फैट साफ नजर आएगा। किसी तरह की अधिक टाइट और हॉट ड्रेस भी मोटे व्यक्ति के मोटापे को और अधिक उभार कर दिखाती है। इसलिए ऐसे कपड़ों का चुनाव करें जिन से आपकी बेली फैट छिप जाए।

## स्टाइलिश गॉर्जियस लुक के लिए अपनाएं खुले बालों की हेयर स्टाइल



चाहे आपे बाल लंबे हों या फिर छोटे, खुले बाल (खुले बालों की हेयर स्टाइल) हर तरह से सुंदर ही लगते हैं बस उन्हें थोड़ी स्टाइलिंग की जरूरत होती है। साथ ही आप स्टाइलिंग की मदद से अपने खुले बालों को ज्यादा अच्छे से संवार भी सकती हैं। इन खुले बालों की हेयर स्टाइल को बनाना बहुत ही आसान है और इसे आफ पिन या फिर बिना पिन के भी आसानी से बना सकती हैं। अगर आपके बाल एकदम सीधे हैं और एकदम स्लीक रहते हैं तो खुले बालों का यह हेयरस्टाइल आपके लिए ही। हाफ पोनी में ये एजी और बोल्ड ट्विस्ट आपके बालों को थोड़ा कंटेम्प्ररी लुक देगा और बेहद ही खूबसूरत भी लगेगा। आप इस हेयरस्टाइल को कई अलग-अलग मौकों पर कैरी कर सकती हैं। कर्ल्स गलोर हेयर स्टाइल के लिए आपको अपने टाइट कर्ल्स को एक्स्ट्रा लार्ज एक्सेसरी के साथ पेयर करना चाहिए

## आंखों पर मेकअप करते समय रखें इन बातों का ध्यान, वरना मंडराता रहेगा इंफेक्शन का खतरा

कई बार ऐसा देखा जाता है कि आई मेकअप करते समय लड़कियों की आंखों में आंसू आ जाते हैं। ऐसे में उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है। अगर आप भी इसी तरह की परेशानी का सामना करती हैं, तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, आंखों का मेकअप करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अगर इन सावधानियों पर ध्यान ना दिया जाए तो आपकी आंखों में इंफेक्शन की समस्या तक हो सकती है।

### मेकअप करते समय रखें हाईजीन का ध्यान

आई मेकअप करते समय सफाई का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अगर मेकअप में इस्तेमाल होने वाले प्रोडक्ट को आप साफ रखेंगे तो आपकी आंखें इंफेक्शन से बच सकती हैं।

### हमेशा खरीदें हाइपो-एलर्जेनिक प्रोडक्ट

मेकअप प्रोडक्ट खरीदते समय इस बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है कि वो हाइपो-एलर्जेनिक हो। इससे आंखों में एलर्जी होने की संभावना खत्म हो जाती है।



### मेकअप ब्रश का रखें खास ध्यान

मेकअप करते समय हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि आपका ब्रश या स्पंज साफ-सुथरा रहे। गंदे ब्रश की वजह से चेहरे और आंखों में इंफेक्शन हो सकता है। अगर इससे बचना है तो ब्रश का हमेशा साफ रखना चाहिए।

### लोअर लैश को हमेशा बचाएं

अक्सर लोगों की लोअर लैश काफी सेंसिटिव होती है। ऐसे में मेकअप करते टाइम उसका ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। इस पर कम से कम मेकअप लगाने की कोशिश करें।

### कार्नर न्यूज

### नए दौर में सही तरीके से साड़ी पहनना भी एक कला

## साड़ी की प्लीट्स बनाने में होती है परेशानी तो इन तरीकों को अपनाएं, निखार नजर आएगा रूप में

साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे आप किसी त्योहार से लेकर शादी-विवाह तक में पहन सकती हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा महिलाएं साड़ी को ऑफिस और पार्टी में भी पहन जाती हैं। जो अनुभवी महिलाएं होती हैं, उनके लिए साड़ी पहनना काफी आसान होता है, दिक्कत सामने आती है नई पीढ़ी के सामने। दरअसल, युवा लड़कियों को साड़ी पहनना तो पसंद होता है लेकिन उन्हें साड़ी पहनना नहीं आता। साड़ी पहनते वक्त सबसे ज्यादा परेशानी उसकी प्लीट्स बनाने में आती है।

दरअसल, अगर साड़ी की प्लीट्स सही ना हों तो ये आपका पूरा लुक खराब कर सकती हैं। ऐसे में लड़कियां साड़ी पहनने से ही कतराती हैं। ऐसे में आपकी परेशानी दूर करने के कुछ तरीके बताने जा रहे हैं। इस लेख में हम आपको प्लीट्स बनाने के कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिसे अपनाकर आपके लिए भी परफेक्ट तरह से साड़ी पहनना काफी आसान हो जाएगा।



### करें बॉडी शेपर का इस्तेमाल

अगर आप साड़ी पहनते वक्त बॉडी शेपर का इस्तेमाल करेंगी तो ये ना सिर्फ आपके लुक को खूबसूरत बनाएगा, बल्कि इसकी मदद से आप आसानी से साड़ी पहन पाएंगी। पेटीकोट की वजह से साड़ी में झोल आने लगता है, वहीं बॉडी शेपर इस समस्या को आपसे दूर रखेगा।

### साड़ी को टकइन करते वक्त रखें इन बातों का ध्यान

साड़ी को टकइन करते वक्त ये ध्यान रखें कि पेटीकोट ज्यादा टाइट नहीं होना चाहिए। अगर ये ज्यादा टाइट होगा तो आप प्लीट्स को सही से अंदर नहीं कर पाएंगी। इतना और ध्यान रखें कि ये ज्यादा ढीला ना हो। ढीली साड़ी टकइन होने पर खुलने का डर रहेगा।

### पहले कंधे के प्लीट्स को बनाएं

साड़ी पहनते वक्त सबसे पहले कंधे के प्लीट्स को बनाएं। ऐसा करने से आपका पल्लु पहले सेट हो जाएगा। इसके बाद आपको लोअर प्लीट्स बनाने में आसानी होगी।

### प्लीट्स बनाने के तुरंत बाद लगाएं पिन

जब आप साड़ी की लोअर प्लीट्स बना रही हों तो पिन को पास में ही रखें। बराबर तरीके से प्लीट्स बनाने के बाद इसे पेटीकोट के अंदर करें और तुरंत पिन लगा लें। ताकि ये फिसले नहीं। प्लीट्स पर पिन लगाने के लिए लोअर प्लीट्स बना कर पेटीकोट के अंदर डालने के बाद नाभि पर दोनों को अच्छे से पिनअप कर दें। ऐसा करने से प्लीट्स लंबे समय तक टिकी रहेंगी वरना ये खिसकर आपको असहज करेंगी।